

स्व. नितेश कुमार अग्रवाल
18 अक्टूबर 2024
चतुर्थ पुण्यतिथि -आलेख : पृष्ठ -6

अयम् निजः परोवेति गणना लघुचेतसाम् । उदार चरितानाम् तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।

# दिव्य आकाश

कोरबा का प्रथम बहुरंगीय हिन्दी/साप्ताहिक अखबार


सुविचार
जिंदगी एक आयना है
यहां हर गम छुपाना पड़ता है
दिल में दर्द कितना भी हो
फिर भी मुस्कुराना पड़ता है।
- लॉयन डॉ. राजकुमार अग्रवाल


वर्ष - 15, अंक - 28 | कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत् 2081, कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 18 से 24 अक्टूबर 2024 | पेज-8, मूल्य - रू.3/-


## शेयर बाजार निवेशकों को बड़ा झटका एक दिन में डूबे 6 लाख करोड़ रुपए

**मुंबई, एजेंसी।**

गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ, जिस कारण निवेशकों को बड़ा झटका लगा है। निवेशकों को एक दिन में 6 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 221.45 अंक की गिरावट के साथ 24,751.65 पर बंद हुआ, जबकि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) सेंसेक्स 494.75 अंक लुढ़ककर 81,006.61 के लेवल पर बंद हुआ। निफ्टी 50 में टेक महिंद्रा, इंफोसिस, पावर ग्रिड, एलएंडटी और एसबीआई टॉप गेनर रहे। इस बीच, बजाज ऑटो, श्रीराम फाइनेंस, एमएंडएम, नेस्ले इंडिया और हीरो मोटोकॉर्प 17 अक्टूबर को निफ्टी 50 में टॉप लूजर स्टॉक्स के तौर पर उभरे।

**निवेशकों के डूबे 6 लाख करोड़ स्वाहा**

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पिछले सत्र के लगभग ?463.3 लाख करोड़ से घटकर लगभग ?457.3 लाख करोड़ हो गया यानी इससे निवेशकों को एक दिन में लगभग 6 लाख करोड़ का नुकसान हो गया। माना जा रहा है कि शेयर बाजार में हाल के दिनों में गिरावट के लिए कई विपरीत परिस्थितियों वजह हो सकती हैं। इनमें पश्चिम एशिया में तनाव में ताजा वृद्धि, चीन की प्रोत्साहन घोषणाओं के बाद विदेशी पूंजी का भारी बहिर्गमन और अब तक दूसरी तिमाही के नतीजें शामिल हो सकते हैं।

**सेक्टोरल इंडेक्स का हाल**

लाइवमिंट के मुताबिक, निफ्टी आईटी को छोड़कर, जिसमें 1.19 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, सभी क्षेत्रीय सूचकांक (सेक्टोरल इंडेक्स) गिरावट के साथ बंद हुए। इसमें निफ्टी रियल्टी (3.76 प्रतिशत नीचे), ऑटो (3.54 प्रतिशत नीचे), कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (2.20 प्रतिशत नीचे) और मीडिया (2.18 प्रतिशत नीचे) भारी गिरावट के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान दोपहर में 17 अक्टूबर को एसबीआई को छोड़कर बैंक निफ्टी का हर शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहा था। एचडीएफसी बैंक के साथ-साथ आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक में भी भारी गिरावट देखी गई।

**बीते सत्र में भी गिरावट**

बीते सत्र यानी बुधवार को बीएसई सेंसेक्स 173.52 अंकों की गिरावट के साथ 81,646.60 अंकों पर खुला था और 319 अंक टूटकर 81,501.36 पर बंद हुआ था। इसी तरह, निफ्टी 50 भी कल 48.80 अंकों की गिरावट के साथ 25,008.55 अंकों पर खुला था और आखिर में 86.05 अंक की गिरावट के साथ 24,971.30 के लेवल पर बंद हुआ था।

## प्याज की बढ़ती कीमतों पर काबू पाने के लिए सरकार ने किया विशेष इंतजाम, आ रही है कांदा एक्सप्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



फेस्टिवल सीजन में स्वादिष्ट व्यंजनों की तैयारी में किसी तरह की कमी न आए, इसके लिए सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के विशेष इंतजाम किए हैं। त्योहारों के दौरान महंगाई पर काबू पाने के लिए सरकार बफर स्टॉक से 1,600 टन प्याज को कांदा एक्सप्रेस नाम की स्पेशल ट्रेन के जरिए भेज रही है। यह ट्रेन महाराष्ट्र के लासलगांव रेलवे स्टेशन से रवाना होकर 20 अक्टूबर को दिल्ली के किशनगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने गुरुवार को इस पहल की घोषणा की, जो प्याज के परिवहन के लिए रेल का पहली बार इस्तेमाल है।

**कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी**

सरकार को उम्मीद है कि इस सप्लाई से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी, जहां बफर स्टॉक का प्याज वर्तमान में 35 रुपए प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेचा जा रहा है। मौजूदा समय में कई शहरों में प्याज की खुदरा कीमतें 75 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई हैं। खरे ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि इसी तरह की व्यवस्था लखनऊ, वाराणसी और असम, नगालैंड तथा मणिपुर सहित पूर्वोत्तर राज्यों में भी की जाएगी।

**नासिक से दिल्ली तक एक ट्रेन के परिवहन की लागत**

सचिव ने कहा कि थोक कीमतें कम करने के लिए प्याज की नीलामी मौजूदा बाजार दरों पर की जाएगी। यह निर्णय लागत प्रभावी और कुशल उपाय है। उन्होंने कहा कि सरकार नुकसान को कम करने के लिए सीलबंद कंटेनर परिवहन के लिए लॉजिस्टिक कंपनी कॉनकॉर्ड के साथ भी बातचीत कर रही है। नासिक से दिल्ली तक एक ट्रेन (56 ट्रकों के बराबर) के परिवहन पर रेल द्वारा 70.20 लाख रुपए का खर्च आता है, जबकि सड़क मार्ग से 84 लाख रुपए का खर्च आता है। इस प्रकार प्रति ट्रेन 13.80 लाख रुपए की बचत होती है।

**प्याज को रियायती दरों पर बेच रही सरकार**

बता दें, सरकार 5 सितंबर से मोबाइल वैन, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) दुकानों, ई-कॉमर्स मंच, मदर डेयरी की सफल दुकानों और केन्द्रीय भंडार सहित विभिन्न माध्यमों से भंडार में रखे प्याज को रियायती दरों पर बेच रही है। खुदरा कीमतें कम करने के लिए अपनी कार्रवाई तेज करते हुए दिवाली से पहले मोबाइल वैन की संख्या 600 से बढ़ाकर 1,000 कर दी जाएगी।

सचिव ने कहा कि बफर स्टॉक के 4.7 लाख टन प्याज में से 91,960 टन एनसीसीएफ और नेफेड को अलॉट किया गया है। इसके अलावा, 86,000 टन गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और मणिपुर सहित विभिन्न राज्यों को भेजा गया है। भंडार से प्याज का औसत खरीद मूल्य 28 रुपये प्रति किलोग्राम है।



## कंगना रनौत की फिल्म इमरजैंसी को मिला सीबीएफसी से सर्टीफिकेट, जल्द होगी रिलीज

**शिमला, एजेंसी।**

भाजपा सांसद व बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की बॉलीवुड फिल्म इमरजैंसी के रिलीज होने का रास्ता साफ हो गया है। कंगना रनौत की फिल्म इमरजैंसी को सैंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टीफिकेशन (सीबीएफसी) से सर्टीफिकेट मिल गया है। अब जल्द प्रोडक्शन हाऊस इस फिल्म की रिलीज की तिथि तय करेगा। सीबीएफसी से सैंसर सर्टीफिकेट मिलने की सूचना स्वयं कंगना ने अपने एक्स हैंडल अकाऊंट से अपने फैंस को दी है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल अकाऊंट में लिखा कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमें अपनी फिल्म इमरजैंसी के लिए सैंसर सर्टीफिकेट मिल गया है। हम जल्द ही रिलीज की तारीख की घोषणा करेंगे। आपके धैर्य और समर्थन के लिए धन्यवाद।

## जम्मू-कश्मीर स्टेटहुड का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

जम्मू-कश्मीर को दो महीने में पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। एडवोकेट गोपाल शंकर नारायण ने जहूर अहमद भट और खुर्शीद अहमद मलिक की ओर से यह याचिका लगाई है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि वे इस पर सुनवाई करेंगे।

याचिका में कहा गया है कि अनुच्छेद 370 पर सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जम्मू-कश्मीर को जल्द ही पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन दिया था। हालांकि मामले में फैसला आने के 10 महीने बाद भी केंद्र सरकार ने अब तक इस पर कोई कदम नहीं उठाया। अनुच्छेद 370 हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला 11 अगस्त, 2023 को आया था।

याचिका में कहा गया है कि यह संघवाद की मूल विशेषता का उल्लंघन है। यह जम्मू-कश्मीर के लोगों के अधिकारों को प्रभावित करता है। इसलिए कोर्ट केंद्र सरकार को जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के निर्देश दे।

केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के साथ ही प्रदेश का पूर्ण राज्य का दर्जा खत्म करते हुए उसे दो यूनियन टेरिटरी (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांट दिया था।

29 अगस्त, 2023 को आर्टिकल 370 खत्म करने के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि राज्य को दो अलग यूनियन टेरिटरी में बांटने का कदम अस्थायी है। लद्दाख यूनियन टेरिटरी ही रहेगा, लेकिन जम्मू-कश्मीर को जल्द ही फिर से राज्य बना दिया जाएगा।

इस पर कोर्ट ने कहा कि वह राष्ट्रीय हित में जम्मू-कश्मीर को दो अलग यूनियन टेरिटरी में बांटने के केंद्र के फैसले को स्वीकृति देने का इच्छुक है। कोर्ट ने केंद्र से सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर को यूनियन टेरिटरी बनाने का कदम कितना अस्थायी है और उसे वापस फिर से राज्य का दर्जा कब तक मिलेगा

### असम में अप्रवासियों को नागरिकता देने वाला कानून वैध

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6 की वैधता को बरकरार रखा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने इस पर गुरुवार को फैसला सुनाया। बेंच में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे। फैसले पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ सहित चार जजों ने सहमति जताई है। वहीं जस्टिस जेबी पारदीवाला ने असहमति जताई।दरअसल, सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6 को 1985 में असम समझौते के दौरान जोड़ा गया था।

## डीएमएफ घोटाला...कोर्ट में छलके रानू साहू के आंसू



**निलंबित आईएएस बोली-प्रताड़ित कर रहे, पर स्ट्रॉन्ग हूं, ईडी हर दिन 7 घंटे करेगी पूछताछ**

**रायपुर ( एजेंसी )।**

निलंबित आईएएस रानू साहू अब छत्तीसगढ़ डीएमएफ घोटाला केस में ईडी की रिमांड पर हैं। प्रवर्तन निदेशालय हर दिन 7 घंटे पूछताछ कर सकेगी। कोर्ट ने इसके लिए ईडी को 5 दिन का समय दिया है।

सुनवाई के दौरान रानू साहू के कोर्ट में आंसू छलक पड़े। इस दौरान आंसू पोछते हुए उन्होंने कहा- मैं स्ट्रॉन्ग हूं। दरअसल, ईडी ने रानू साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए गुरुवार को रायपुर की PMLA स्पेशल कोर्ट में पेश किया। इस दौरान रानू साहू की आंखों से आंसू बहने लगे। उन्होंने कोर्ट में कहा- प्रताड़ित करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। रानू साहू इस समय रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। पुलिसकर्मी कोर्ट में पेशी के लिए उन्हें लेकर पहुंचे थे।

**रानू साहू बोलीं- एक साथ सारे केस लगा दीजिए**

निलंबित आईएएस ने कहा- कोल मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल चुकी है। उसके बाद भी एक के बाद एक केस लगाए जा रहे हैं। एक साथ सारा केस लगा दीजिए। रानू साहू ने कहा- जेल में रहते 16 महीने हो चुके हैं। एक-दो साल और रह सकती हूं। रानू साहू ने आरोप लगाया कि उनका हेल्थ चेकअप नहीं किया जाता है। उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए, लेकिन नहीं दी जा रही हैं। उन्होंने कोर्ट से कहा-मुझे सोनोग्राफी और अन्य चैकअप करवाना है, लेकिन कई महीनों से यह नहीं हो पा रहा है।

**निलंबित आईएएस के वकील बोले- साजिश के तहत कर रहे प्रताड़ित**

वहीं रानू साहू के वकील फैसल रिजवी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केस की पैरवी की। उन्होंने कोर्ट को बताया-ईडी की ओर से DMF मामले 2023 में ECIR दर्ज कर ली गई थी, लेकिन अब तक कोई जांच नहीं की गई।

## चंडीगढ़ में पीएम मोदी की क्लास में पहुंचे सीएम साय:छत्तीसगढ़ और देश के विकास पर की बात, एनडीए के सभी सीएम-डिप्टी सीएम रहे मौजूद

**रायपुर ( एजेंसी )।**



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को हरियाणा रवाना हुए। चंडीगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्पेशल क्लास में सीएम शामिल हुए। इस क्लास में देश और छत्तीसगढ़ प्रदेश के विकास की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। इस बैठक में भाजपा शासित प्रदेशों के साथ ही एनडीए के दलों के सीएम भी चंडीगढ़ में मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ से इस बैठक में शामिल होने सीएम साय के साथ प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव भी चंडीगढ़ में ही हैं। सीएम काउंसिल की इस बैठक में राष्ट्रीय विकास से जुड़े मुद्दों, संविधान का अमृत महोत्सव और लोकतंत्र की हत्या के प्रयास के 50वें वर्ष के अभियान को लेकर चर्चा की गई है।

**बैठक में सीएम साय का परिचय करवाया गया।**

भाजपा द्वारा जारी एक प्रेस नोट में बताया गया है कि इस उच्चस्तरीय बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो भी शामिल हुए।

**हरियाणा के सीएम को दी बधाई**

इस सम्मेलन से पहले हरियाणा के नव-निर्वाचित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में भी विष्णुदेव शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश की 3 करोड़ जनता की ओर से हरियाणा के सीएम को बधाई दी।

इसके बाद पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीएम काउंसिल की बैठक हुई। इस बैठक में कुल 13 मुख्यमंत्री और 16 उपमुख्यमंत्री भाजपा से हैं, जबकि महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार, सिक्किम, नागालैंड और मेघालय के मुख्यमंत्री, जो भाजपा के एनडीए सहयोगी दलों के हैं, भी इस बैठक में शामिल हुए।

**ये नेता बैठक में पहुंचे**

बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, ओडिशा के सीएम मोहन मांझी, बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह, राजस्थान के डिप्टी सीएम प्रेम चंद बैरवा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव और डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार और देवेंद्र फडनवीस, गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत और ओडिशा की डिप्टी सीएम प्रावती परिदा पहुंचीं।

**चंडीगढ़ के होटल में आयोजित हुई बैठक**

ओडिशा के डिप्टी सीएम कनक वर्धन सिंह देव, उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, मेघालय के सीएम कोनराड संगमा भी बैठक के लिए पहुंचे हैं। सभी का पंजाब भाजपा प्रमुख सुनील जाखड़ ने सम्मान किया।

**छत्तीसगढ़ में 5 आईपीएस अफसरों का ट्रांसफर**


## उदय किरण दंतेवाड़ा भेजे गए, अरविंद कुजूर अब हेडक्वार्टर में डीआईजी

**रायपुर ( एजेंसी )।**



छत्तीसगढ़ में 5 आईपीएस अफसरों का ट्रांसफर किया गया है। इनमें उदय किरण को रायपुर से दंतेवाड़ा भेजा गया है। रायपुर के पुलिस हेडक्वार्टर में अरविंद कुजूर डीआईजी के तौर पर ऑफिशियल काम-काज देखेंगे। आदेश गृह विभाग ने जारी किया है। धर्मेंद्र सिंह छवई को सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय रायपुर से सेनानी, 15वीं बटालियन बीजापुर, श्रीमती श्वेता राजमणी को 17वीं बटालियन कबीरधाम से 19वीं बटालियन से करणपुर (बस्तर), मनोज कुमार खिलारी को वीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना से दुसरी बटालियन सकरी बिलासपुर भेजा गया है।

## कवर्धा कांड : बैज बोले- गृहमंत्री शर्मा ने डायवर्ट किया मामला



**कहा-हत्या को सुसाइड बताने षडयंत्र रचा, पुलिस अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज की जाए**

**रायपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने लोहारीडीह मामले गृहमंत्री विजय शर्मा पर मामले को डायवर्ट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले लोहारीडीह मामले की सच्चाई सामने आ गई, कचरू साहू की मौत आत्महत्या नहीं हत्या थी। छत्तीसगढ़ पुलिस ने कभी इस बात को नहीं माना लेकिन अब मध्यप्रदेश की पुलिस ने ये साबित कर दिया है।

**एमपी पुलिस ने बताई सच्चाई**-बैज ने कहा कि लोहारीडीह में कचरू की मौत पर हमने सवाल उठाया, कचरू की बेटी लालेश्वरी ने पिता की मौत पर लड़ाई लड़ी। 1 माह बाद प्रदेश की जनता के सामने सच्चाई आ गई, आखिर छत्तीसगढ़ पुलिस ने इस मामले को क्यों दबाया?

**तीन मौतों के लिए पुलिस जिम्मेदार**-गृहमंत्री ने इस मामले को दबाने की कोशिश क्यों की? समय पर पुलिस ने जांच की होती तो तीन मौतें नहीं होती। तीन मौतों के लिए पुलिस और सरकार जिम्मेदार है। इस मामले में मध्यप्रदेश की पुलिस की कार्रवाई से साफ हो गया कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने इस मामले में लापरवाही बरती थी। हत्या को आत्महत्या बताने का षडयंत्र रचा था, जिसके परिणाम स्परूप लोहारीडीह में जन आक्रोश भड़का और रघुनाथ साहू को उसके घर में जिंदा जलाकर मार डाला गया।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट किसने बदली**-बैज ने कहा सरकार बताए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट बदली गई? दो परिवार को बर्बाद करने का जिम्मेदार कौन?

## दिल्ली, श्रीनगर और गुवाहाटी में दिखाई दिया सुपरमून:चांद आकार में 14 प्रतिशत बड़ा और 30प्रतिशत ज्यादा चमकीला नजर आया



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दुनियाभर में गुरुवार को सुपरमून दिखाई दिया। इस दौरान चंद्रमा का आकार सामान्य से 14 प्रतिशत बड़ा दिखाई दिया। चांद 30 प्रतिशत ज्यादा चमकीला भी नजर आया। सुपरमून तब होता है, जब पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी सबसे कम हो जाती है।

इस वजह से चांद ज्यादा बड़ा और चमकीला दिखाई देता है। इस सुपरमून को देखने पर ऐसा लगा जैसे यह पृथ्वी के करीब आ रहा है। दिल्ली, गुवाहाटी, कश्मीर समेत देश के कई हिस्सों में सुपरमून दिखाई दिया।

**इस साल यह तीसरा सुपरमून, 15 नवंबर को फिर दिखेगा**

गुरुवार को चांद पृथ्वी से लगभग 351,519 किमी दूर रहा। जबकि आमतौर पर यह सबसे दूर 4,05,000 किमी और सबसे करीब 3,63,104 किमी होती है। पिछले महीने 18 सितंबर को भी सुपरमून दिखाई दिया था, तब चांद पृथ्वी से 357,485 किमी दूर था। वहीं, साल का पहला सुपरमून 19 अगस्त को दिखाई दिया था। तब चांद धरती से 361,969 किमी दूर रहा था। साल का चौथा सुपरमून 15 नवंबर को देखने को मिलेगा, तब चांद धरती से 361,866 किमी दूर रहेगा।

## नोट छापने वाली प्रेस में छपेगा शराब का स्टीकर

**रायपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ की शराब की बोतल पर जो स्टीकर लगेगा वो भारत सरकार छापेगी। होलोग्राम की प्रिंटिंग का काम अब प्राइवेट एजेंसी को दिया जाता रहा है। ये पहली बार है जब केंद्र सरकार की रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ी संस्था इसकी प्रिंटिंग करेगी। ये वो सरकारी एजेंसी है जो नोट भी छापती है। छत्तीसगढ़ सरकार ने तय किया है कि होलोग्राम प्रिंटिंग का काम नासिक रोड में स्थित भारत सरकार के उपक्रम भारत प्रतिभूति मुद्रणालय में होगा। वहां से छत्तीसगढ़ की सरकार होलोग्राम खरीदेगी। इसके बाद ये प्रदेश में बिकने वाली शराब की बोतलों पर लगेगा। अक्टूबर अंत तक छपाई का काम छत्तीसगढ़ की ओर से भारत सरकार की इस करेंसी प्रिटिंग यूनिट को दे दिया जाएगा। इस फैसले का एनालिसिस मीडिया के लिए छत्तीसगढ़ के रिटायर्ड आईएस पूर्व आबकारी कमिश्नर गणेश शंकर मिश्रा ने किया और बताया कि इससे फर्क क्या पड़ेगा।

**क्या होगा इस फैसले का असर**-गणेश शंकर मिश्रा कहते हैं- मेरी जानकारी में संभवत: ये पहली बार होगा कि जब भारत सरकार की करेंसी प्रिंटिंग यूनिट छत्तीसगढ़ के लिए शराब के होलोग्राम बनाएगी।

## जस्टिस संजीव खन्ना होंगे 51वें सीजेआई अनुच्छेद 370 हटाने को सही बताया था, कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का, 13 मई को रिटायर होंगे



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जस्टिस संजीव खन्ना सुप्रीम कोर्ट के 51वें चीफ जस्टिस होंगे। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने सरकार से उनके नाम की सिफारिश की है। दरअसल, सीजेआई चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को रिटायर हो जाएंगे। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का आग्रह किया जाता है।

## पाली तानाखार के पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा की जमीन का नामांतरण निरस्त

# मोहित केरकेट्टा ने चर्च की कब्रिस्तान की जमीन कराई थी रजिस्ट्री,पहले भी दर्ज है धोखाधड़ी का केस

**कोरबा/पाली ( दिव्य आकाश )।**

पाली तानाखार के पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा और बेटे के नाम की गई बेशकीमती जमीन का नामांतरण निरस्त हो गया है। उन्होंने चर्च के कब्रिस्तान के नाम पर दर्ज जमीन की खरीदी-बिक्री की थी। इस मामले में पूर्व विधायक, उनके बेटे समेत 10 लोगों के खिलाफ कूटरचना कर धोखाधड़ी का केस दर्ज है।

इधर बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण की पहल पर जमीन की रजिस्ट्री निरस्त कर फिर से उसे चर्च के नाम पर रिकार्ड दुरुस्त करा दिया गया है। दरअसल, शिकायतकर्ता के मुताबिक, 5 करोड़ की जमीन को 99 लाख रुपए में खरीदा गया। जबकि खरीद-बिक्री का अधिकार किसी को नहीं है। साल 2018 में चुनाव जीतकर विधायक बने मोहितराम को मुख्यमंत्री अधोसंरचना उन्नयन



और विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाकर राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया था। आरोप है कि, मोहितराम ने पद का दुरुपयोग कर बिलासपुर में कुदुदंड के चर्च ऑफ क्राइस्ट मिशन इन इंडिया के कब्रिस्तान के नाम पर दर्ज करीब एक एकड़ जमीन की खरीदी अपने बेटे शंकर केरकेट्टा के नाम पर की थी।

**औने-पौने दाम पर खरीदी करोड़ों रुपए की जमीन**

संस्था के कथित पदाधिकारियों ने तत्कालीन विधायक मोहितराम केरकेट्टा और उनके बेटे के पास एक एकड़ जमीन का सौदा 99 लाख 22 हजार 500 रुपए में किया। इसमें गवाह संस्था के वाहन चालक अरुण टोप्पो को बनाया गया। बेची गई जमीन संस्था के रिकॉर्ड में ईसाई कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, जमीन की कीमत करीब 5 करोड़ रुपए है। जिसका सौदा इसी कीमत पर हुआ है। लेकिन, आपसी सौदे में जमीन की कीमत 99 लाख रुपए बताकर बाकी के पैसों का बंदरबाट किया गया है। जबकि, संस्था के सदस्यों को कब्रिस्तान की जमीन बेचने का अधिकार नहीं है और न हीं क्रेता को भी कब्रिस्तान की जमीन खरीदने का अधिकार है।

**कोर्ट में लगाया परिवाद तब दर्ज हुई एफआईआर**

विद्यानगर निवासी आलोक विल्सन ने कूटरचना और षडयंत्र कर जमीन की धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस से की थी। इसमें बताया था कि वे चर्च ऑफ क्राइस्ट मिशन इन इंडिया कुदुदंड के सदस्य हैं। संस्था के जरिए तीन राज्यों में धार्मिक, शैक्षणिक और ट्रेनिंग स्कूलों का संचालन किया जाता है।

संस्था के पदाधिकारियों का हर तीन साल में चुनाव होता है। चुने हुए सदस्यों की जानकारी पंजीयक फर्म्स और संस्थाएं को दी जाती है। साल 2009-10 के बाद से संस्था का चुनाव नहीं हुआ है। उन्होंने कब्रिस्तान की जमीन के रिकॉर्ड में कूटरचना, षडयंत्र कर गलत तरीके से बेचने पर कार्रवाई करने की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके चलते उंन्हें कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया।

जिसके बाद सिविल लाइन पुलिस ने बैरन उर्फ बिरन साय कुजूर पिता बुधुवा उम्र 52 वर्ष चर्च ऑफ क्राइस्ट मिशन कम्पाउंड कुदुदंड, बिरिम साय टोप्पो, दीपक फिलीमोन निवासी टिकरापारा, महावीर कुजूर निवासी उसलापुर, हेमिल्टन थमस निवासी ओमनगर जरहाभाठा के साथ ही जेडब्लू दास निवासी रायपुर, पुष्पा मिंज निवासी उसलापुर, अरुण टोप्पो, मोहितराम केरकेट्टा और उनके बेटे शंकर केरकेटटा निवासी उरांवपारा पोलमी थाना पाली के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**अब कलेक्टर ने जमीन का नामांतरण कराया निरस्त**

कलेक्टर अवनीश शरण से भी नियम विरुद्ध रजिस्ट्री और नामांतरण कराकर कब्रिस्तान की एक एकड़ जमीन हड़पने की शिकायत की गई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने केस के पुनर्विलोकन के निर्देश दिए थे। जिसके बाद बिलासपुर एसडीम ने धारा 51 के तहत पुनर्विलोकन किया।

इस दौरान मोहित केरकेट्टा के पुत्र शंकर केरकेट्टा के द्वारा अधिवक्ता के माध्यम से पुनर्विलोकन पर आपत्ति पेश की गई कि आवेदित भूमि खसरा नंबर 296/1 खुली पड़त भूमि है, यह कब्रिस्तान की भूमि नहीं रही जो खसरा पंचशाला वर्ष 1993- 94 से 1996-97 एवं बी-1 किश्तबंदी खतौनी में स्पष्ट रूप से दर्शित है। जबकि वास्तव में कब्रिस्तान की भूमि खसरा नंबर 296/2 रही है। मामले में दोनों पक्षों को सुनने और राजस्व रिकार्ड का परीक्षण करने के बाद जमीन का नामांतरण शून्य कर उक्त वाद भूमि को राजस्व अभिलेखों में चर्च ऑफ क्राईष्ट मिशन इन इंडिया कुदुदंड के नाम पर वापस दर्ज किया गया है।

## जल जीवन मिशन: ग्राम पंचायत सलोरा में पहुँचा ''हर घर जल''

**कोरबा ( दिव्य आकाश ) ।**

केन्द्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल पहुंचने से ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों को अब पेयजल के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता। उन्हें अपने घर पर ही टेप नल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

जिला मुख्यालय के विकासखंड कटघोरा के ग्राम पंचायत सलोरा (क) में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल की व्यवस्था की गई है। हर घर में नल कनेक्शन पहुंचने एवं सूचारू रूप से नल से जल उपलब्ध होने से गांव में पेयजल संकट से ग्रामवासियों को निजात मिल गया है। योजना अंतर्गत गांव में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा 33.27 लाख की लागत से रेट्रोफिटिंग कार्य पूर्ण कर 212 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

हर घर जल योजना का लाभ मिलने से गांव की महिला हितग्राही श्रीमती संकुतला डांडे तथा श्रीमती मीना ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि अब उन्हें घर में ही पेयजल उपलब्ध हो रहा



है। पूर्व में उन्हें पेयजल, घरेलू आवश्यकताओं व निस्तारित हेतु गांव में स्थापित हैण्डपंप से पानी लाना पड़ता था। इससे बारिश एवं ठण्ड के मौसम में काफी दिक्कतें होती थी। साथ ही अधिक परिश्रम व समय भी लगता था। जल जीवन मिशन से अब उनकी यह समस्या दूर हो गई है। महिलाओं को घर पर ही पेयजल उपलब्ध होने से समय की बचत हो रही है। जिससे वे उक्त समय पर अन्य घरेलू कार्य पूर्ण कर पाते हैं।

योजना का सफल क्रियान्वयन में ग्राम के सरपंच तथा ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही है। योजना का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद 16 अक्टूबर 2024 को ग्राम सभा का आयोजन कर ग्रामवासियों की उपस्थिति में ''हर घर जल'' उत्सव मनाया गया। साथ ही योजना का हस्तांतरण ग्राम पंचायत को किया गया एवं स्वच्छता व पानी के उचित उपयोग संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## रायपुर नगर ( दक्षिण ) विधानसभा उप-निर्वाचन: निर्वाचन व्यय की निगरानी के लिए 9 उड़नदस्तों और 12 एसएसटी का गठन

**व्यय नियंत्रण हेतु 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति**

**देवपुरी, भाठागांव, अग्रसेन चौक और सुभाष स्टेडियम में 4 स्थैतिक नाकों की भी स्थापना**

**रायपुर।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर नगर (दक्षिण) विधानसभा के लिए उप-निर्वाचन के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण अंतर्गत निर्वाचन व्यय की निगरानी के लिए संपूर्ण जिले में 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। साथ ही नौ उड़नदस्ता दल (एफएसटी), 12 स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) और दो वीडियो अवलोकन दलों (वीवीटी) का गठन किया गया है। इनके साथ ही निर्वाचन व्यय पर कड़ी निगरानी के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, रायपुर द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में चार स्थैतिक नाकों की भी स्थापना की गई है। टिकरापारा थाना के अंतर्गत देवपुरी में, पुरानी बस्ती थाना के अंतर्गत भाठागांव में, आजाद चौक थाना के अंतर्गत अग्रसेन चौक में और कोतवाली थाना के अंतर्गत सुभाष स्टेडियम में ये स्थैतिक नाके स्थापित किए गए हैं।

### एक करोड़ की इनामी महिला नक्सली सुजाता तेलंगाना में गिरफ्तार

**रायपुर, एजेंसी।**

तेलंगाना पुलिस ने एक करोड़ की इनामी महिला नक्सली कल्पना उर्फ सुजाता (60) को गिरफ्तार किया है। वो हैदराबाद के महबूब नगर में इलाज कराने आई थी। नक्सली सुजाता छत्तीसगढ़ के बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा जिलों में 100 से अधिक वारदातों में शामिल रही है।

पुलिस ने बताया कि कल्पना उर्फ सुजाता पर आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में इनाम था। उससे पूछताछ में नक्सलियों से बड़ा इनपुट मिल सकता है। सुजाता ने खुंखार नक्सली हिडमा को भी ट्रेनिंग दी है। साथ ही कई महिला नक्सली संगठन तैयार किए हैं। हालांकि बस्तर पुलिस ने सुजाता की गिरफ्तारी को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है।

## बाल्को अंतर्गत बेलगिरी रेल्वे चेकपोस्ट मार्ग 19 एवं 20 अक्टूबर को रहेगी प्रतिबंधित

**वाहनों के आवागमन हेतु वैकल्पिक मार्ग निर्धारित**

**कोरबा ( दिव्य आकाश ) ।**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने लोक सुरक्षा की दृष्टि से बाल्को अंतर्गत बेलगरी बस्ती रेल्वे चेक पोस्ट में रेल्वे लाईन बिछाने के कारण मार्ग पर समस्त प्रकार के वाहनों के आवागमन को 19 एवं 20 अक्टूबर 2024 दो दिवस के लिए अस्थाई रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इस दौरान उक्त प्रतिबंधित मार्ग में चलने वाले वाहन एवं भारी वाहनों के परिवहन हेतु वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया गया है। जिसमें आईटीआई चौक से होकर बेलगरी बस्ती चेक पोस्ट, एल्यूमिना गेट रोड से होते हुए चलने वाली सभी प्रकार के वाहन बेलगरी बस्ती रेल्वे चेक पोस्ट से पूर्व लालघाट रोड से होकर रिंग रोड की ओर परिवहन करेगी।

## विभिन्न पदों में भर्ती हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 23 अक्टूबर को

**कोरबा ( दिव्य आकाश ) ।**

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा में 23 अक्टूबर 2024 को विभिन्न पदों में भर्ती हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। उक्त प्लेसमेंट कैंप अंतर्गत एनआईआईटी लिमिटेड कंपनी तथा टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी अंतर्गत रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। रिक्त पदों में एनआईआईटी लिमिटेड कंपनी में आईसीआईसीआई बैंक अंतर्गत रिलेशनशिप मैनेजर के 20 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं एवं स्नातक, आयु 20 से 25 वर्ष वेतनमान 22000 एवं कार्य स्थल रायपुर निर्धारित है। एक्सिस बैंक ब्रांच रिलेशनशिप ऑफिसर (असिस्टेंट मैनेजर) के 18 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं एवं स्नातक, आयु 20 से 30 वर्ष वेतनमान 35000 एवं कार्य स्थल रायपुर निर्धारित है। इसी प्रकार टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी अंतर्गत बिजनेस एसोसिएट मैनेजर के 05 पद, लीडर मैनेजर के 10 पद, डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजर के 10 पद एवं इंश्योरेंस एडवाइजर के 20 पद के लिए भर्तियां की जाएंगी। इस हेतु शैक्षणिक योग्यता स्नातक, आयु सीमा 40 वर्ष, वेतनमान 20,000 प्रतिमाह एवं कार्यस्थल कोरबा निर्धारित है। इच्छुक आवेदक 23 अक्टूबर को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा में प्रात: 11 बजे उपस्थित होकर योग्यतानुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

## जल जीवन मिशन: कार्यों की धीमी प्रगति पर भड़के कलेक्टर काम न करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**पाईप लाईन बिछाने खोदी गई सड़क के मरम्मत के बाद ही भुगतान सुनिश्चित करें-अजीत वसंत**

**अतिरिक्त वाहन लगाकर स्त्रोत निर्माण की संख्या बढ़ाएं कार्य एजेंसी - कलेक्टर**

**कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों पर कार्यवाही करने के निर्देश**

**जल जीवन मिशन के कार्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश**

**ऐतमानगर समूह नल जल प्रदाय योजना के कार्यों की मॉनिटरिंग के दिए निर्देश**

**पी एच ई की समीक्षा बैठक में कार्यों को पूर्ण करने की समय सीमा की निर्धारित**

**कोरबा ( दिव्य आकाश ) ।**



कलेक्टर अजीत वसंत ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/समूह नल जल प्रदाय योजना के कार्यों सोलर पंप आधारित मिनी जल प्रदाय योजना, जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में स्त्रोत निर्माण, पानी टंकी निर्माण तथा हर घर जल प्रमाणीकरण की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने जेजेएम अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में संबंधित एजेंसियों को दिए गए कार्यादेश के अनुसार स्त्रोत निर्माण पूर्ण नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई और निर्देशित किया कि अतिरिक्त वाहन लगाकर बोरवेल की संख्या को शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने 01 नवंबर की स्थिति में एजेंसी द्वारा कराए जाने वाले कार्यों की प्रगति रिपोर्ट कार्यपालन अभियंता पीएचई को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएचई को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि किसी ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क पर गड्ढा खोदा जाता है तो खोदे गए सड़क का पूर्णत: मरम्मत किए जाने के पश्चात् ही उनका अंतिम भुगतान किया जाए।

कलेक्टर ने सोलर पंप की स्थापना, सोलर ड्यूल पंपो की स्थापना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि स्थल चयन और स्त्रोत की वजह से आ रही समस्याओं को सूची बद्ध कर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने क्रेडा के अधिकारी को निर्देशित किया कि सोलर पंप स्थापना के कार्यों में आ रही समस्याओं को पीएचई के अधिकारी से समन्वय बनाकर दूर करें और चिन्हित स्थानों पर पेयजल उपलब्धता हेतु समय पर कार्य पूर्ण करें। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने जेजेएम अंतर्गत पानी टंकी निर्माण की स्थिति की समीक्षा की और पीएचई को निर्देशित किया कि हर माह लक्ष्य निर्धारित कर टंकी निर्माण की प्रगति में वृद्धि करें। उन्होंने हर घर जल प्रमाणीकरण, एकल ग्राम, समूह नल जल प्रदाय योजना की स्थिति की समीक्षा की पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय अवधि में पूर्ण किये जाए। उन्होंने शेष पोस्ट निर्माण को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जेजेएम अंतर्गत ऐतमानगर समूह नल जल प्रदाय के कार्यों की समीक्षा की और निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप कार्य समय पर पूर्ण कराने के निर्देश पीएचई को दिए। उन्होंने पीएचई को निर्देशित किया कि इस प्रोजेक्ट के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। पीएचई के ईई ने बताया कि ऐतमानगर परियोजना से कटघोरा, पोड़ी-उपरोड़ा और पाली ब्लॉक के लगभग 245 गांवो को पेयजल उपलब्ध होगी। बैठक में पीएचई के कार्यपालन अभियंता श्री ए. के. बच्चन, जल संसाधन विभाग के श्री पी. के. वासनिक, श्री एस. एल. द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।







### अदानी के संरक्षक एवं राजस्थान सरकार के पोषक की तरह काम कर रही है भाजपा सरकार: डॉ महंत

**कोरबा ( दिव्य आकाश ) ।**

छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने भाजपा विष्णुदेव सरकार पर कोल खनन को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा है कि, छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार अदानी के संरक्षक एवं राजस्थान सरकार के पोषक की तरह काम कर रही है। नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने कहा कि, विधानसभा में पारित प्रस्ताव का उल्लंघन करके हसदेव अरण्य क्षेत्र में परसा एवं केते एक्सटेंशन नाम की नई कोयला खदानें खोलने का काम पुलिस संरक्षण में कराया जा रहा है।राजस्थान की कोयले की पूरी आवश्यकता पहले से चालू खदान, पी.ई.के.बी. से पूरी हो रही। नए खदान की जरूरत नहीं है, 2022 में कांग्रेस सरकार ने केंद्र को पत्र लिख कर परसा कोल ब्लॉक का आवंटन रद्द करने की मांग की थी कांग्रेस सरकार के रहते 16 जुलाई 2023 को सुप्रीम कोर्ट में भी शपथ पत्र दाखिल कर परसा या केते एक्सटेंशन या किसी अन्य खदान की आवश्यकता को गलत बताया था।



नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत का कहना है कि, आदिवासी होते हुए भी वे आदिवासी क्षेत्रों को उजाड़ने और हसदेव अरण्य क्षेत्र जैसे महत्वपूर्ण जंगल को काटने की अनुमति दे रहे हैं, जबकि राजस्थान की सारी कोयला आवश्यकता पहले से चालू खदान से पूरी हो रही है और नए खदान की कम से कम 18 साल कोई आवश्यकता नहीं है। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को हसदेव अरण्य क्षेत्र में चार कोल ब्लॉक आवंटित है।परसा ईस्ट और केते बासन खदान को मिलाकर जो खदान बनाई गई है पीईकेबी इसकी उत्पादन क्षमता 21 मिलियन टन की जा चुकी है। पिछले साल ही वहां 18 मिलियन टन कोयला का उत्पादन हुआ। राजस्थान के कुल 4340 मेगावाट के पावर प्लांट हसदेव अरण्य कोल फील्ड के कोल ब्लॉक पर आश्रित है। वर्तमान में इनकी वार्षिक कोयला आवश्यकता लगभग 18 मिलियन टन है। यह आंकड़ा केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण और पावर प्लांट के प्लांट लोड फैक्टर के आधार पर निकाला गया है। स्पष्ट रूप से यह पूरी आवश्यकता चालू खदान पी.ई.के.बी. से पूरी हो रही है और वर्तमान में इस खदान में 300 मिलियन टन से अधिक कोयला है अर्थात 18 साल का कोयला मौजूद है।



करवा चौथ (20 अक्टूबर) की हार्दिक शुभकामनाएं...

# दिव्य आकाश

कोरबा का प्रथम बहुरंगीय हिन्दी/साप्ताहिक अखबार

**सुविचार**
पहले काम तो प्रारंभ करें
बिना काम प्रारंभ किए
सफलता- असफलता
के संशय में न पड़ें।

कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत् 2081, कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 18 से 24 अक्टूबर 2024

## नायब सैनी दूसरी बार हरियाणा के सीएम बने




**पीएम मोदी सहित तमाम दिग्गज रहे उपस्थित: 13 मंत्री बनाए, सबसे ज्यादा 5ओबीसी चेहरे, 2 महिलाएं; कल पहली कैबिनेट मीटिंग**

**पंचकूला, एजेंसी।**

हरियाणा में नायब सैनी ने दूसरी बार मुख्यमंत्री  पद की शपथ ले ली है। सैनी राज्य के 19वें मुख्यमंत्री बने। हालांकि मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने वाले वे 11वें नेता हैं। शपथ ग्रहण समारोह पंचकूला के दशहरा ग्राउंड में हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी शामिल हुए। शपथ ग्रहण में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और राजनाथ सिंह के साथ 18 राज्यों के सीएम व डिप्टी सीएम भी पहुंचे थे।

सीएम सैनी के साथ 13 मंत्रियों ने शपथ ली। जिनमें सबसे ज्यादा 5 चेहरे ओबीसी वर्ग से हैं। जाट, ब्राह्मण और एससी वर्ग से 2-2 मंत्री बनाए गए हैं। इसके अलावा पंजाबी, राजपूत और वैश्य बिरादरी से एक-एक मंत्री बनाया गया है।

नए बनाए मंत्रियों में अनिल विज, कृष्णलाल पंवार, राव नरबीर, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल और कृष्ण बेदी पहले मंत्री रह चुके हैं। इसके अलावा रणबीर गंगवा पिछली बीजेपी  सरकार में डिप्टी स्पीकर थे। नए चेहरों में अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, आरती राव, श्रुति चौधरी और गौरव गौतम पहली बार मंत्री बने हैं। भाजपा ने हरियाणा में यूपी, राजस्थान और मध्यप्रदेश की तरह डिप्टी सीएम बनाने का फॉर्मूला नहीं अपनाया।

नई सरकार बनते ही सीएम  नायब सैनी ने कल (18 अक्टूबर) की सुबह कैबिनेट की पहली मीटिंग बुला ली है। जिसमें विभागों का बंटवारा किया जा सकता है।

## उत्तराखंड के मदरसों में संस्कृत पढ़ाई जाएगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

उत्तराखंड के मदरसों में जल्द ही संस्कृति पढ़ाई जा सकती है। इसे राज्य के 400 से ज्यादा मदरसों में ऑप्शनल सब्जेक्ट के तौर पर रखा जाएगा। मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून ने गुरुवार को कहा कि हम इस योजना पर लंबे समय से काम कर रहे हैं। राज्य सरकार की अनुमति मिलते ही इसे लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मदरसा जाने वाले बच्चों को मेनस्ट्रीम से जोड़ना चाहते हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए हमने यह योजना बनाई है। बोर्ड अध्यक्ष मुफ्ती शमून ने कहा कि एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से मदरसों में लागू होने से इस साल बहुत अच्छे नतीजे सामने आए हैं। 96 प्रतिशत से ज्यादा बच्चे पास हुए। इससे पता चलता है कि मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

# निकिता पोरवाल के सिर सजा फेमिना मिस इंडिया 2024 का ताज

**15 फाइनलिस्ट को मात देकर बनी ब्यूटी क्वीन**

**उज्जैन की रहने वाली**

**मुंबई, एजेंसी।**



फेमिना मिस इंडिया 2024 को अपना विजेता मिल गया। मध्य प्रदेश की निकिता पोरवाल ने मिस इंडिया 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया है,  अब निकिता पोरवाल मिस वर्ल्ड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। भारत की सबसे प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता फेमिना मिस इंडिया 2024 का ग्रैंड फिनाले धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।

मध्य प्रदेश की निकिता पोरवाल को वर्ष 2023 की विजेता रही चुकीं नंदिनी गुप्ता ने ताज पहनाया। फिनाले की शुरूआत 'टॉप 30 स्टेट विनर्स के परिचय के साथ फैशन सीक्वेंस से हुई। दादरा और नगर हवेली (केंद्र शासित प्रदेश) की रेखा पांडे को फेमिना मिस इंडिया 2024 की फर्स्ट रनर-अप का ताज पहनाया गया और गुजरात की आयुषी ढोलकिया ने फेमिना मिस इंडिया 2024 की सेकंड रनर-अप का खिताब अपने नाम किया। निकिता पोरवाल, रेखा पांडे और आयुषी ढोलकिया को नेहा धूपिया ने फूलों का गुलदस्ता देते हुए सम्मानित किया।

शीर्ष 15 प्रतिभागियों को अंतिम परीक्षा का सामना करना पड़ा, जिसमें डिजाइनर निकिता म्हसालकर, अभिनेत्री संगीता बिजलानी, निर्देशक अनीस बज्मी, अभिनेत्री और पूर्व ब्यूटी क्वीन नेहा धूपिया, कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस और निर्देशक मधुर भंडारकर शामिल थे। इस दौरान संगीता बिजलानी ने ग्लैमरस अवतार में अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं नेहा धूपिया ने भी समारोह में चार चांद लगाए। फेमिना मिस इंडिया की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर मिस इंडिया संगठन ने एक विशेष संगीत 'राइज ऑफ क्वीन भी लॉन्च किया।

वहीं फेमिना मिस इंडिया की बात करें तो उज्जैन की रहने वाली निकिता पोरवाल एक पेट्रो-केमिकल व्यवसायी अशोक पोरवाल की बेटी हैं। उन्होंने अपने ग्रेजुएशन की डिग्री बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग में ली है। ग्रेजुएशन डिग्री में भी ड्रामा उनकी स्पेशालिटी रही। निकिता पोरवाल ने महज 18 साल की उम्र में अपने फिल्मी सफर की शुरुआत कर दी थी। इतनी सी उम्र में ही वो एक टीवी शो की होस्ट बन गई थीं।



लाल लहंगा में ब्यूटी: सारा अली खान

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी आबकारी टीम में शामिल होकर बिरयानी सेंटर में मारा छापा

## जेल भेजने की धमकी देकर बिरयानी सेंटर संचालिका से भयादोहन

**आरोप:पहले 1 लाख ऐंठा, फिर सेवानिवृत्ति के बाद भी  छापामार कर 25 हजार की मांग**

**बिरयानी सेंटर संचालिका  जलबाई चंद्रा ने की पुलिस अधीक्षक से शिकायत**

**कोरबा/बालको( दिव्य आकाश )।**

कैलाश नगर, राममंदिर मोहल्ला बालको नगर कोरबा निवासी जलबाई चंद्रा पिता रामचरण चंद्रा (50) ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी अजय तिवारी आबकारी टीम में शामिल होकर उसके द्वारा डेली मार्केट बालको में संचालित बिरयानी सेंटर में छापामार कर लगातार भयादोहन का प्रयास कर रहा है। अजय तिवारी गत 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो गए, उसके बाद भी आबकारी टीम में हूं कहकर छापामार रहा है और 25 हजार की मांग उसके द्वारा भयादोहन कर की जा रही है। सेवानिवृत्ति से पहले अजय तिवारी आबकारी टीम में थे और गत 21 सितंबर को जब मैं पड़ोसी महेत्तरीन बाई चंद्रा के घर बैठी थी तो उन्होंने उसे उड़नदस्ता वाहन में बैठने के लिए कहा और शराब बेचने का धंधा करती हो कहकर जबरन वाहन में बिठा दिया और आबकारी थाना ले गए और मुझे थाना में बिठाकर कोरे कागज में हस्ताक्षर ले लिया और कहने लगे... दारू बेचती हो, जेल जाने से बचना है तो मुझे एक लाख रूपए दो। तुम अभी-अभी जेल से छूटकर आयी हो। मैं जेल जाने के डर से  दूसरे से उधारी लेकर उसके कहने के मुताबिक एक लाख रूपए योगेश  जायसवाल नामक किसी व्यक्ति के एकाउंट में ट्रांसफर किया।

**सेवानिवृत्त होने से  नौ दिन पूर्व की घटना**

पुलिस कर्मी अजय तिवारी ने गत 21 सितंबर को महिला जलबाई चंद्रा से एक लाख रूपए की मांग की। जेल भिजवाने की धमकी देकर उक्त पुलिस कर्मी ने महिला से एक लाख रूपए ऐंठ लिया। अजय तिवारी 20 सितंबर को सेवा निवृत्त हो गए। महिला जलबाई चंद्रा ने बताया कि वह तीन किश्तों में योगेश जायसवाल के खाते में  एक लाख रूपए ट्रांसफर किया।

**सेवानिवृत्ति के बाद भी छापामार कर भयादोहन का प्रयास**

महिला जलबाई चंद्रा ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि अजय तिवारी  गत 20 सितंबर को सेवानिवृत्त हो गए और इसके बाद भी 02 अक्टूबर को मेरे द्वारा संचालित बिरयानी सेंटर (होटल ) में पुन: आकर छापामारी करने लगे और मेरे होटल से कुछ भी नहीं मिला, इसके बाद भी मुझसे 25 हजार रूपए की अवैध उगाही करना चाहता है और बार-बार धमकी दे रहा है कि मुझे जेल भिजवाएगा। जलबाई चंद्रा ने ज्ञापन में लिखा है कि मैंबहुंत परेशान और दुखी हो गई हूं और मैं मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रही हूं। मेरे द्वारा उसके बताए गए फोन नंबर पर फोन पे पर एक लाख रूपए ट्रांसफर कर चुकी हूं। लेकिन मुझे बार-बार प्रताड़ित किया जा रहा है और पैसे देने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

**जांच कर कार्यवाही की मांग**

बिरयानी सेंटर चलाने वाली जलबाई चंद्रा ने पुलिस अधीक्षक से इस संबंध में जांच करने की मांग की है और कहा है कि  जांच में आरोप सही पाए जाने पर अजय तिवारी (अब सेवानिवृत्त) के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें।

**सेवानिवृत्ति के बाद भी अजय तिवारी धमका रहा है-जलबाई चंद्रा**

जलबाई चंद्रा ने कहा कि वह डेली मार्केट बालको में बिरयानी सेंटर चलाती है और जब वह पड़ोसी महेत्तरीन बाई के घर बैठी थी तो अजय तिवारी ने उसे उड़नदस्ता वाहन में जबरन बैठा लिया और आबकारी थाना ले जाकर जेल भिजवाने का डर दिखाकर एक लाख रूपए ऐंठ लिया। सेवानिवृत्ति के बाद भी अजय तिवारी द्वारा भयादोहन किया जा रहा है और 02 अक्टूबर को उसने फिर छापामारा और 25 हजार की और मांग की,जिससे मैं प्रताड़ित और भयभीत हूं।

**मैं सेवानिवृत्त हो चुका हूं, आरोप कुछ भी लगाया जा सकता है-अजय तिवारी**

सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी अजय तिवारी ने कहा कि मैं सेवानिवृत्त हो चुका हूं और कोई आरोप लगा रहा है तो मैं क्या कर सकता हूं। मैं अभी हरिद्वार में हूं, तीन-चार दिन बाद लौटूंगा। जांच के बाद दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा।

**योगेश जायसवाल के अकाउंट में एक लाख ट्रांसफर**

जलबाई चंद्रा ने बताया कि गत 21 सितंबर  को अजय तिवारी के कहने पर योगेश जायसवाल के अकाउंट में एक लाख रूपए तीन किश्तों में ट्रांसफर किया। जल बाई ने उक्त राशि वापस करने की मांग की है।

## बहराइच हिंसा: रामगोपाल की हत्या के मुख्य आरोपियों का एनकाउंटर, सरफराज और तालिब के पैर में लगी गोली

**लखनऊ एजेंसी।**

बहराइच में हुए हिंसा के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सरफराज उर्फ रिंकू का एनकाउंटर किया है। दूसरे आरोपी तालिब के पैर में भी गोली लगी है। P STF और पुलिस को जानकारी मिली थी कि रामगोपाल मिश्रा की हत्या करने के आरोपी नेपाल भागने के फिराक में हैं, पुलिस की टीम इस सूचना के बाद सक्रिय हो गई। आरोपियों की तलाश में पुलिस जैसे ही बहराइच जिले के भारत- नेपाल सीमा पर पहुंची, वहां हंडा बसेहरी नहर के पास आरोपियों ने पुलिस पर ही फायर झोंक दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घटना का मुख्य आरोपी सरफराज उर्फ रिंकू और तालिब उर्फ फहीम के पैर में गोली लगी है। दोनों को गंभीर हालत में बहराइच के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

महराजगंज में एक युवक की गोली मार कर हत्या करने के केस में आज बहराइच पुलिस द्वारा पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनके नाम हैं-मोहम्मद फ़हीन (नामजद) ,मोहम्मद तालीम उर्फ सबलू ,मोहम्मद सरफराज (नामजद), अब्दुल हमीद (नामजद), मोहम्मद अफज़ल

पहले दो की निशानदेही पर मर्डर में प्रयुक्त हुए हथियार की बरामदगी के लिए जब पुलिस टीम लेकर गई तो इनके द्वारा वहां रखे हथियारों से पुलिस पर फायरिंग की गई। जवाबी फायरिंग में दोनों को गोली लगी है। गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उपचार कराया जा रहा है। मर्डर में उपयोग किया हथियार बरामद हो गया है।

**दोनों आरोपियों की हालत स्थिर**

अस्पातल के डॉक्टर ने कहा कि गोली लगने के बाद पुलिस सरफराज और तालिब को लेकर यहां आई थी एक दाएं और एक के बाएं पैर में गोली लगी है। दोनों खतरे से बाहर हैं। उन्होंने बताया कि एक्सरे कराने के लिए जिला अस्पताल में रेफर कराया गया है। गोली अभी पैर में ही लेकिन दोनों की स्थिति नॉर्मल है।



**मामले में एसपी वृंदा शुक्ला का बयान**

वहीं, इस घटना को लकेर एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि हिंसा के बाद हमारी टीम ग्राउंड पर काम कर रही थी। घटना में शामिल सभी अभियुक्तों की हमें तलाश में जिनमें पांच पुलिस की गिरफ्त में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि सूचना मिली थी कि आरोपी सरफराज और तालिब नेपाल भागने की फिराक में हैं और हमले में इस्तेमाल किए गए हथियार भी उनके पास है। जिसे पकड़ने के लिए पुलिस मौके पर पहुंची थी लेकिन उनके पास एक और असलहा था जिससे वह पुलिस पर फायरिंग करने लगे। जिसके बाद आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गोली चलाई जिसमें दोनों के पैर गोली लगी।

**13 अक्टूबर को हुई थी रामगोपाल की हत्या**

13 अक्टूबर की शाम जब मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम चल रहा था तभी अब्दुल हमीद के मकान के बाहर उकसाने वाले गाने बजाकर मूर्ति विसर्जन का आरोप लगाया गया और गाने को बंद करने को कहा गया था। चश्मदीदों के अनुसार थोड़ी देर बाद मूर्तियों पर अब्दुल हमीद के मकान से पथराव शुरू हो गया था। इस पर राम गोपाल मिश्रा अब्दुल हमीद के छत पर लगे हरे झंडे तो उतारने के लिए चढ़ गया। रामगोपाल मिश्रा ने जैसे ही हराझंडा उतार कर भगवा झंडा छत पर लहराया वैसे ही आरोपियों ने रामगोपाल को गोली मार दी थी। गोली लगने से रामगोपाल की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से बहराइच दंगों की चपेट में आ गया और 2 दिनों तक हिंसा चली।

## प्रेस से मीलिए कार्यक्रम में पहुंचे प्रभारी एसपी कुकरेजा, कहा-मीडिया की भूमिका मार्गदर्शक की तरह

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

जिले के प्रभारी पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा आज कोरबा प्रेस क्लब के तिलक भवन में आयोजित प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में पत्रकारों से सीधे रूबरू हुए, जहां उन्होंने मीडिया की भूमिका को मार्गदर्शक की तरह बताते हुए कहा कि पत्रकार बहुत से मुद्दे को लिखते हैं , जिसमें समाज की ऐसी समस्या भी होती है जो पुलिस विभाग से जुड़ी होती है, ऐसे मुद्दों को ध्यान में रखते हुए पुलिस जरूरी कार्यवाही करती



है जिससे मुद्दे गंभीर होने से पहले हल हो जाते हैं। कोरबा में 15 दिनों के दौरान मीडिया की भूमिका मैंने करीब से देखा। इस दौरान हर दिन अखबार व न्यूज़ चैनलों के खबरों में जनता की आवाज नजर आई। मुझे नवरात्रि पर्व के दौरान कोरबा का प्रभार मिला इस दौरान इस दौरान में हर जगह मेला-गरबा का आयोजन हो रहा था। मैं पूजा पंडाल, मंदिर समेत ऐसे सभी जगह  पहुंचा और लोगों से मुलाकात की। इस दौरान आम लोगों की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारी-कर्मचारी  मुस्तैद दिखे, जिससे पूरे सीजन में किसी तरह की अप्रिय वारदात नहीं हुई। शहर में भी यातायात व्यवस्था सुगम बना रहा, इसके लिए अधिकारी कर्मचारी प्रशंसा के पात्र हैं जिन्होंने सुबह से देर रात तक मुस्तैदी से ड्यूटी की।

कार्यक्रम के दौरान प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने आईपीएस आईपीएस राजेश कुकरेजा का स्वागत किया।

## सुनालिया नहर पानी टंकी के पास हो रहा बेजा कब्जा में पक्के मकान का निर्माण

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारियों की दो मुंही नीति के कारण गरीब जहां परेशान होते हैं, वहीं पहुंच वाले और राजनीति से जुड़े व्यक्तियों की बल्ले-बल्ले रहती है।  कई करोड़ों की जमीन पर रसूखदार पक्के मकान बना लिए और निगम का तोड़ूदस्ता दल या तो मूकदर्शक बना रहा या उनके संरक्षण में पक्के मकान बन गए। जब गरीब बेजा कब्जा करता है और किसी तरह छहेरा बना लेता है तो तुरंत निगम के अधिकारी पहुंचकर बुलडोजर चला देते हैं, लेकिन करोड़ों की कीमती जमीन में बेजा कब्जा इन्हीं अधिकारियों के संरक्षण में तैयार हो जाता है और देखते ही देखते बड़ी इमारतें



खड़ी हो जाती हैं।

**सुनालिया नहरपुल के पास पानी टंकी के बगल में बन रहा बेजा कब्जा में ईमारत**

इन दिनों कई जगह बेजा कब्जा में पक्के मकान बन रहे हैं, लेकिन निगम के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। सुनालिया नहर पुल के पास पानी टंकी से लगी हुई जमीन पर एक रसूखदार द्वारा बिल्डिंग बनायी जा रही है और जानकारी होने के बाद भी निगम का तोड़ू दस्तादल अभी तक पहुंचा नहीं और ना ही कार्रवाई हुई, जिसके कारण स्थाई रूप से सरकारी जमीन पर बिल्डिंग बनाने वाले का हौसला बुलंद है। लोगों के बीच यह भी चर्चा है कि ऐसी जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों पर निगम अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है।

**स्कूल की जमीन पर  बन गई कई बड़ी दुकानें, बस्ती भी बस गई**

सीएसईबी चौक से 200 मीटर दूर दर्री रोड पर ढोढ़ीपारा एवं मानस नगर में कई बड़ी-बड़ी बिल्डिंगें तैयार हो गई। सीएसईबी की ये जमीन बेशकीमती हैं और निगम अधिकारियों के संरक्षण में मुख्य मार्ग पर कई रसूखदारों की कई दुकानें तैयार हो गई और उसमें दुकान खोल भी ली गई। यहां पहले शराब दुकान संचालित थी, उसके बाद यहां अगल-बगल में बड़ी-बड़ी दुकानें बन गई और अधिकारियों का बुलडोजर यहां पहुंचा ही नहीं।

**नेहरूनगर के पीछे भी बेजा कब्जा**

रिकांडो रोड में नेहरू नगर आवासीय परिसर है। उसके पीछे रेलवे लाईन के किनारे-किनारे कई घर बन गए। निगम के अधिकारी यहां पहुंचे, लेकिन राजनीतिक कारणों के कारण ये घर पूर्ण रूप से बन गए लेकिन बुलडोजर नहीं चला पाए।

### सुविचार

**जीवन में एक छोटा सा फैसला भी आपको बहुत आगे ले जा सकता है।**

### चिंतन

## नौ माह के उच्च स्तर पर खुदरा महंगाई

गत सितंबर में रिटेल महंगाई 5.49 प्रतिशत पर पहुंचकर अब तक के रिकार्ड स्तर पर पहुंच चुकी है। अगस्त में यह 3.65 प्रतिशत तक थी, वहीं खाद्य महंगाई दर 5.66 प्रतिशत से बढ़कर 9.24 प्रतिशत तक पहुंच गई है। शहरी महंगाई भी महीने दर महीने आधार पर 3.14 प्रतिशत से बढ़कर 5.05 प्रतिशत पर पहुंच गई है, वहीं ग्रामीण महंगाई 4.16 प्रतिशत से बढ़कर 5.87 प्रतिशत पर पहुंच गई है। महंगाई के बास्केट में 50 प्रतिशत खाने पीने की चीज होती हैं। बीते साल सितंबर 2023 में खुदरा महंगाई दर 6.62 प्रतिशत तक थी जो इस साल 9.24 प्रतिशत पर पहुंच गई है। गरीब और गरीब होता जा रहा है और महंगाई से पिस रहा है। सरकार को राहत देने की जरूरत है। **संपादक**

### समसामयिक

## भारत में सब कुछ पहुंच रहा आसमान पर



हमारे देश का नेतृत्व तीसरी बार देश की जनता ने एक ऐसे राजनेता को सौंपा है, जो देश को आसमान पर ले जाने के लिए कटिबद्ध दिखाई दे रहे हैं। चाहे अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में हो, या फिर भारत को विश्व गुरू बनाने में। धीरे-धीरे सब हो रहा है और एक दिन अवश्य आएगा, जब भारत विश्व का नेतृत्व करेगा। यह सब धीरे-धीरे होगा, लेकिन मोदी जी आमजनता को परेशान करने वाली चीज को तीव्र गति से कर रहे हैं, ताकि भाजपा शासन में लोग चीं-चां न करें और जुल्म पूरी शिद्दत के साथ सहते रहें। आज गरीब इस कदर पिस रहा है कि मन के अंदर आक्रोश तो बहुत है, फिर भी चीं-चां करने में हिचक रहे हैं, उन्हें सीबीआई- ईडी-ईओडब्ल्यू का खौफ जो है। चीं-चां करेंगे तो ईडी रेड कर देगी और गरीबी में जी रहा इंसान जेल में जिएगा।

टमाटर 100 रूपए चल रहा है, आलू 40 से 50 रूपए और प्याज भी रसोई घर से गायब हो गई है। गरीब कुछ नहीं बोल सकता बस मोदी के कार्यकाल में जिए जा रहे हैं। मोदी जी तो इतने देश भक्त हैं कि सभी को समझाईश देते हैं... कि तुम भी देश भक्त बनो और महंगाई का स्वाद चखते हुए मेरे साथ भारत को विश्व गुरू बनाने में मदद करो, ताकि मेरे साथ आपका भी नाम इतिहास में लिखा जाएगा। मोदी जी कहते हैं कि बिचौलियों को मजा करने दो तथा हम और आप किसी तरह जी लेंगे। बिचौलिए भी देश की तरक्की में सहभागिता निभा रहे हैं। टमाटर को अपना रंग दिखाने दो... अभी 100 रूपए में टमाटर पूरी तरह लाल नहीं हुआ है और थोड़ा और बढ़ने दो तो टमाटर अपने पूरे शबाब पर आएगा और टमाटर का असली स्वाद पता चलेगा।

गुपचुप खाने वाले बेचारे बिना प्याज के चटकारे लगाकर खा रहे हैं और गुपचुप के पानी को ऐसे पी रहे हैं, जैसे इसका स्वाद पहले से कहीं बेहतर हो गया है। पोषणयुक्त भोजन करो और देश को स्वस्थ रखो, तो मेडिकल में ज्यादा पैसा नहीं देना पड़ेगा। मोदी जी कहते हैं कि हमने देश को स्वस्थ रखने के लिए आयुष्मान योजना निकाली है, टमाटर, आलू, प्याज, हरी सब्जियां न मिले तो कोई बात नहीं, शरीर थोड़ा कमजोर हो जाएगा तो हमारे आयुष्मान कार्ड को तिजोरी से निकालना और पौष्टिक दवाई लेकर ह्रस्टपुष्ट हो जाओ। मेरे रहते महंगाई की चिंता न करो... मुफ्त में 28 तक राशन भी मिलेगा। **संपादक**



### यादें

## नमक से लेकर सॉफ्टवेयर तक के कारोबार को देश-विदेश में नई ऊंचाइयों पर पहुँचाने वाले भारत के अनमोल रतन थे टाटा

भारत के रतन कहे जाने वाले उद्योगपति रतन नवल टाटा का बुधवार रात 09 अक्टूबर 2024 को 86 वर्ष की आयु में मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। 'पद्म विभूषण' से सम्मानित 86 वर्षीय टाटा पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। वे हर भारतीय के दिल पर राज करते थे। नमक से लेकर सॉफ्टवेयर तक के कारोबार को देश-विदेश में नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले रतन टाटा को राजनीतिक जगत, उद्योग जगत, खेल जगत, सिनेमा जगत की हस्तियों की ओर से तो श्रद्धांजलि दी ही जा रही है साथ ही आम आदमी भी सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से रतन टाटा को श्रद्धांजलि दे रहा है।

रतन टाटा दुनिया के सबसे प्रभावशाली उद्योगपतियों में से एक थे, फिर भी वह कभी अरबपतियों की किसी सूची में नजर नहीं आए। उनके पास 30 से ज्यादा कंपनियां थीं, जो छह महाद्वीपों के 100 से अधिक देशों में फैली थीं, इसके बावजूद वह एक सादगीपूर्ण जीवन जीते थे। सरल व्यक्तित्व के धनी टाटा एक कॉरपोरेट दिग्गज थे, जिन्होंने अपनी शालीनता और ईमानदारी के बूते एक अलग तरह की छवि बनाई थी। रतन टाटा 1962 में कॉर्नेल विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क से वास्तुकला में बी.एस. की डिग्री प्राप्त करने के बाद पारिवारिक कंपनी में शामिल हो गए। उन्होंने शुरुआत में एक कंपनी में काम किया और टाटा समूह के कई व्यवसायों में अनुभव प्राप्त किया, जिसके बाद 1971 में उन्हें (समूह की एक फर्म) 'नेशनल रेडियो एंड इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी' का प्रभारी निदेशक नियुक्त किया गया।


एक दशक बाद वह टाटा इंडस्ट्रीज के चेयरमैन बने और 1991 में अपने चाचा जेआरडी टाटा से टाटा समूह के चेयरमैन का पदभार संभाला। जेआरडी टाटा पांच दशक से भी अधिक समय से इस पद पर थे। यह वह वर्ष था जब भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को खोला और 1868 में कपड़ा और व्यापारिक छोटी फर्म के रूप में शुरुआत करने वाले टाटा समूह ने शीघ्र ही खुद को एक ''वैश्विक महाशक्ति'' में बदल दिया, जिसका परिचालन नमक से लेकर इस्पात, कार से लेकर सॉफ्टवेयर, बिजली संयंत्र और एयरलाइन तक फैला गया था। रतन टाटा दो दशक से अधिक समय तक समूह की मुख्य होल्डिंग कंपनी 'टाटा संस' के चेयरमैन रहे और इस दौरान समूह ने तेजी से विस्तार करते हुए वर्ष 2000 में लंदन स्थित टेटली टी को 43.13 करोड़ अमेरिकी डॉलर में खरीदा, वर्ष 2004 में दक्षिण कोरिया की देवू मोटर्स के ट्रक-निर्माण परिचालन को 10.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर में खरीदा, एंग्लो-डच स्टील निर्माता कोरस समूह को 11 अरब अमेरिकी डॉलर में खरीदा और फोर्ड मोटर कंपनी से मशहूर ब्रिटिश कार ब्रांड जगुआर और लैंड रोवर को 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर में खरीदा।

भारत के सबसे सफल व्यवसायियों में से एक होने के साथ-साथ, वह अपनी परोपकारी गतिविधियों के लिए भी जाने जाते थे। परोपकार में उनकी व्यक्तिगत भागीदारी बहुत पहले ही शुरू हो गई थी। वर्ष 1970 के दशक में, उन्होंने आगा खान अस्पताल और मेडिकल कॉलेज परियोजना की शुरुआत की, जिसने भारत के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में से एक की नींव रखी थी।

जहां तक रतन टाटा को दी जा रही श्रद्धांजलि की बात है तो आपको बता दें कि भारत के शीर्ष उद्योगपतियों ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। रिलायंस के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने रतन टाटा को भारत के सबसे प्रतिष्ठित और परोपकारी बेटों में से एक बताया। अंबानी के अलावा अरबपति गौतम अदाणी और ऑटो क्षेत्र के दिग्गज आनंद महिंद्रा ने भी टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया। अंबानी ने अपने शोक संदेश में कहा, ''यह भारत और भारतीय उद्योग जगत के लिए बहुत दुखद दिन है। रतन टाटा का निधन न केवल टाटा समूह के लिए बल्कि प्रत्येक भारतीय के लिए बड़ी क्षति है।'' उन्होंने कहा, ''व्यक्तिगत स्तर पर, रतन टाटा के निधन से मुझे बहुत दुख हुआ है क्योंकि मैंने एक प्रिय मित्र खो दिया है।''

अदाणी ने कहा कि भारत ने ''एक दिग्गज, एक दूरदर्शी व्यक्ति को खो दिया है जिन्होंने आधुनिक भारत के मार्ग को फिर से परिभाषित किया।'' उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''रतन टाटा सिर्फ एक कारोबारी नेता नहीं थे, उन्होंने ईमानदारी, करुणा और व्यापक भलाई के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता के साथ भारत की भावना को मूर्त रूप दिया। उनके जैसे दिग्गज अमर रहते हैं। ओम शांति।'' आनंद महिंद्रा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ''ऐतिहासिक छलांग'' लगाने के कगार पर है और टाटा के ''जीवन और कार्य का हमारे इस स्थिति में आने में बहुत बड़ा योगदान है। इस बीच, महाराष्ट्र सरकार ने उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के लिए राज्य में एक दिन के शोक की घोषणा की। एजेंसी।

## सौभाग्यवतियों का पवित्र पर्व करवा चौथ



हिंदू धर्म में सुहाग से जुड़े व्रत रखने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इन उपवासों को रखने से वैवाहिक जीवन में खुशियां बनी रहती है। साथ ही पति-पत्नी के रिश्तों में मजबूती आती है। सभी उपवास में से करवा चौथ के व्रत को अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन महिलाएं पति की लंबी उम्र, तरक्की और अच्छे स्वास्थ के लिए निर्जला व्रत रखती हैं, जिसका पारण चांद निकलने पर किया जाता है।

पंचांग के अनुसार, कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का पर्व मनाया जाता है। इस साल 20 अक्तूबर 2024 को करवा चौथ का व्रत रखा जाएगा। इस दिन व्यतीपात योग के साथ कृत्तिका नक्षत्र का संयोग बन रहा है, जो व्रत की महत्ता को अधिक बढ़ा रहा है। ऐसे में चांद की पूजा करना और भी लाभदायक होगा, जिससे व्रत के संपूर्ण फल की प्राप्ति होगी। आइए इस दिन चांद निकलने के समय को जान लेते हैं।

**करवा चौथ 2024 तिथि**

कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 19 अक्तूबर 2024 को शाम 06 बजकर 17 मिनट पर शुरू होगी। इस तिथि का समापन 20 अक्तूबर को दोपहर 03 बजकर 47 मिनट पर होगा।

**चांद निकलने का समय**

पंचांग के अनुसार करवा चौथ पर पूजा का शुभ मुहूर्त 20 अक्तूबर शाम 5 बजकर 46 मिनट से शुरू होगा। ये मुहूर्त शाम 7 बजकर 02 मिनट तक रहने वाला है। इस दौरान चांद निकलने का समय शाम 7 बजकर 44 मिनट का है।

**करवा चौथ पूजा विधि**

करवा चौथ के शुभ दिन पर सुबह ही स्नान कर लेना चाहिए। फिर मन में निर्जला व्रत का संकल्प लें। इसके बाद मुहूर्त के अनुसार तुलसी के पास बैठकर दीपक प्रज्वलित करके करवा चौथ व्रत की कथा पढ़े।

फिर पूजा की तैयारी शुरू कर दें। इस दौरान सबसे पहले एक थाली में फूल, फल, मिठाई, धूप-दीप, रोली को रखें।

इसके बाद मिट्टी के बने करवा में चावल भरकर उसे दक्षिणा के रूप में रख दें। साथ ही अपनी रिवाजों के आधार पर दान के सामानों को भी रखें।

अब चांद निकलने के बाद चंद्रमा को अर्घ्य दें। फिर छलनी में जलता हुआ दीप रखकर चंद्र दर्शन करें। इसके बाद उसी छलनी से पति का मुख देखें।

**अब पति के हाथों से पानी पीकर व्रत का पारण करें।**

इस दौरान आप घर के बड़ो का आशीर्वाद लें। फिर पूजन में उपयोग हुई श्रृंगार की सामग्री और करवा को सास या किसी सुहागिन स्त्री को दे दें, और उनके पैर छू लें।

एजेंसी।

### 20 अक्टूबर: करवा चौथ

## यदि न दिखे चांद, इन धार्मिक उपायों से करें व्रत का पारण

करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है, जिसमें महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए निर्जला उपवास करती हैं। इस व्रत का समापन चांद को देखने और उसे अर्घ्य देने के बाद ही होता है। लेकिन कई बार खराब मौसम या अन्य कारणों से चांद दिखने में समस्या हो सकती है। ऐसी स्थिति में, महिलाएं कुछ विशेष धार्मिक नियमों का पालन करके भी व्रत खोल सकती हैं। आइए जानते हैं उन तीन तरीकों के बारे में, जो चांद न दिखने पर अपनाए जा सकते हैं।

**वीडियो कॉल के जरिए चांद देखना**

अगर आपके क्षेत्र में बादल छाए हुए हैं और चांद नहीं दिख रहा है, तो आप किसी अन्य स्थान पर रहने वाले जान-पहचान के लोगों से वीडियो कॉल के माध्यम से चांद देख सकती हैं। अगर उनके क्षेत्र में चांद दिख रहा है, तो आप उस चांद के दर्शन करके व्रत खोल सकती हैं। यह आजकल का एक सरल और प्रभावी तरीका है।

**भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान चंद्रमा की पूजा**

अगर चांद नहीं दिख रहा है, तो धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आप भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान चंद्रमा की पूजा करके भी व्रत खोल सकती हैं। शिवजी की पूजा और चंद्रमा का ध्यान करके व्रत का पारण करना एक शुभ होता है।

**चावल से चंद्रमा की आकृति बनाकर पूजा करें**



अगर आसमान में चांद नहीं दिखता है, तो आप उस दिशा में एक चौकी रखकर, जिस दिशा में चांद निकलता है, वहां चावल की मदद से चंद्रमा की आकृति बना सकती हैं। लाल कपड़ा बिछाकर चंद्रमा की पूजा करें और ओम चतुर्थ चंद्राय नमः मंत्र का जाप करें। इस प्रकार पूजा करके व्रत का समापन करें।

**करवा चौथ 2024 की तिथि और शुभ मुहूर्त**

इस साल करवा चौथ 20 अक्टूबर 2024, रविवार के दिन मनाया जाएगा। करवा चौथ का व्रत चतुर्थी तिथि पर रखा जाएगा, जो 20 अक्टूबर की सुबह 6.46 बजे से शुरू होकर 21 अक्टूबर को सुबह 4.16 बजे समाप्त होगी। चांद के निकलने का समय लगभग 7.44 बजे शाम में रहेगा, और व्रत का पारण इसके बाद शुभ रहेगा।

इन धार्मिक नियमों का पालन करके आप चांद के बिना भी अपने करवा चौथ व्रत को विधिपूर्वक समाप्त कर सकती हैं और देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त कर सकती हैं। एजेंसी।

# भारत की हसीन वादियां: रेलवे टूर पैकेज के साथ

अगर आप भी भारतीय रेल के टूर पैकेज से यात्रा करने का प्लान बना रहे हैं, तो आप नवंबर-दिसंबर के टूर पैकेज बुक कर सकते हैं। आप अपनी सहुलियत के हिसाब से लंबे और छोटे टूर पैकेज का चुनाव कर सकते हैं।

टूर पैकेज से ट्रिप करने के दौरान यात्रियों को कई तरह की सुविधाएं मिलती हैं। इस दौरान यात्रियों के पास कई ऑप्शन होते हैं। ऐसे में आप अपनी सहुलियत के हिसाब से लंबे और छोटे टूर पैकेज का चुनाव कर सकते हैं। हालांकि लंबी दूरी की यात्रा के लिए टूर पैकेज से ट्रैवल करना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि टूर पैकेज में यात्रा के लिए अलग-अलग योजनाएं नहीं बनानी पड़ती हैं। टूर पैकेज में यात्रा की पूरी तैयारी टूर ऑपरेटर की तरफ से की जाती है।


इसके साथ ही अपने हर दिन की यात्रा की योजना के बारे में यात्री पता लगा सकते हैं। जैसे इस दौरान आपको कहां-कहां घुमाया जाएगा, इस बारे में भी पूरी जानकारी दी जाती है। ऐसे में अगर आप भी भारतीय रेल के टूर पैकेज से यात्रा करने का प्लान बना रहे हैं, तो आप नवंबर-दिसंबर के टूर पैकेज बुक कर सकते हैं।

**नवंबर में शुरू हो रहा पैकेज**

बता दें कि 07 नवंबर से गुलमर्ग, पहलगाम, सोनमर्ग और श्रीनगर टूर पैकेज के लिए टिकट बुक करवा सकते हैं।

वहीं 08 नवंबर से आप लखनऊ और अयोध्या टूर पैकेज की टिकट बुक करवा सकते हैं।

11 नवंबर से अयोध्या, पोखरा, मुक्तिनाथ और काठमांडू टूर पैकेज यात्रा की शुरूआत हो रही है।



12 नवंबर से नैनीताल, अल्मोड़ा, मुक्तेश्वर और दिल्ली टूर पैकेज का टिकट बुक कर सकते हैं।

16 नवंबर से दार्जिलिंग, गंगटोक और कालिम्पोंग टूर पैकेज का टिकट बुक कर सकते हैं।

20 नवंबर से आगरा, दिल्ली और जयपुर यात्रा की शुरूआत हो रही है।

30 नवंबर को गंगटोक, दार्जिलिंग और न्यू जलपाईगुड़ी टूर पैकेज की शुरूआत होगी।

**दिसंबर में शुरू हो रहे पैकेज**

03 दिसंबर से गुवाहाटी, शिलांग, चेरापूंजी, मावलिनोंग और काजीरंगा टूर पैकेज की शुरूआत हो रही है।

6 दिसंबर से वडोदरा, भावनगर, सोमनाथ, द्वारका और राजकोट टूर पैकेज बुक करवा सकते हैं।

वहीं 21 दिसंबर से भुज, कच्छ, जामनगर और राजकोट टूर पैकेज का टिकट बुक कर सकते हैं।

24 दिसंबर से पुष्कर, रणथंभौर, कुम्भलगढ़, जयपुर और उदयपुर टूर पैकेज बुक कर सकते हैं।

23 दिसंबर से तिरुपति, मदुरै, रामेश्वरम, कन्याकुमारी और पुडुचेरी टूर पैकेज का टिकट बुक करवा सकते हैं।

भारतीय रेल की ऑफिशियल वेबसाइट से टिकट बुकिंग कर सकते हैं।

**मिलने वाली सुविधाएं**

बता दें कि इस टूर पैकेज में आपको खाने की सुविधा मिलेगी। हालांकि लंच या ब्रेकफास्ट के लिए आपको अलग से भुगतान करना पड़ सकता है।

इस टूर पैकेज में आपको बस और कैब की सुविधा मिलेगी। शहर एक्सप्लोर करने के लिए आपको अलग से गाड़ी बुक करने की जरूरत नहीं होगी।

कई टूर पैकेज में आपको फ्लाइट से यात्रा करने का मौका मिलता है। पैकेज में आपको आने-जाने की टिकट टूर ऑपरेटर द्वारा किया जाता है। इसमें आपको होटल की सुविधा मिलती है। एजेंसी।

# एसईसीएल में देश की 216वीं अमृत फार्मेसी का हुआ शुभारंभ

## चार अमृत फार्मेसी खोलने वाली पहली कोयला कंपनी बनी एसईसीएल

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

**फार्मेसी के खुलने से किफ़ायती दरों पर एसईसीएल कर्मी एवं आमजनों को दवाओं की उपलब्धता होगी सुनिश्चित, विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत इस पहल से इंक्लूसिविटी को भी मिला बढ़ावा**

एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा के करकमलों से आज एसईसीएल मुख्यालय के इन्दिरा विहार स्वास्थ्य केंद्र में देश की 216वीं एवं कंपनी की चौथी अमृत फार्मेसी का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही चार अमृत फार्मेसी खोलने वाली एसईसीएल देश की पहली कोयला कंपनी बन गई है।

कंपनी की इस पहल से जहां किफ़ायती दरों पर एसईसीएल कर्मी एवं आमजनों को दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी वहीं विशेष अभियान 4.0 के तहत इंक्लूसिविटी यानि समवेशी विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने कहा कि अमृत फार्मेसी के खुलने से एसईसीएल कर्मियों के साथ-साथ आमजनों को भी किफ़ायती दरों पर दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। यह पहल हमारे संचालन राज्यों छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के सुदूर आदिवासी एवं ग्रामीण अंचल के लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में महती भूमिका निभाएगी।






इस अवसर पर एसईसीएल निदेशक मंडल से निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास एवं निदेशक (वित्त) डी सुनील कुमार, सीएमएस डॉ (श्रीमती) प्रतिभा पाठक की उपस्थिति रही।

अमृत फार्मेसी से एसईसीएल के अस्पतालों में सभी प्रकार की ब्रांडेड, ब्रांडेड-जेनेरिक एवं जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। दवाओं के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता के मेडिकल इंप्लांट्स भी होंगे मरीजों को उपलब्ध। सामान्य बीमारियों से लेकर कैंसर एवं हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों की दवाएं एक ही जगह होंगी आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। सभी दवाओं पर औसतन लगभग 52 प्रतिशत की छूट मिलेगी जिसका एसईसीएल कर्मियों के साथ-साथ आमजन भी लाभ ले सकेंगे।

मुख्यालय बिलासपुर के अतिरिक्त एसईसीएल के कोरबा जिले के गेवरा, शहडोल जिले के सोहागपुर, और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के चिरमिरी के परिचालन क्षेत्रों में स्थित एसईसीएल के केंद्रीय अस्पतालों में पहले से ही तीन फार्मेसियों का संचालन किया जा रहा है।

# आदिवासी विकास विभाग की पूर्व सहायक आयुक्त माया वारियर गिरफ्तार

## कोरबा की पूर्व कलेक्टर एवं निलंबित आईएएस रानू साहू की करीबी हैं माया वारियर





## माया वारियर 23 अक्टूबर तक ईडी की रिमांड पर

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

डीएमएफ घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने माया वारियर को गिरफ्तार कर लिया है। कोरबा में माया आदिवासी विकास विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर पद पर रह चुकी हैं। ईडी ने उन्हें कोर्ट में पेश किया और 23 अक्टूबर तक रिमांड पर लिया है।

डीएमएफ घोटाले में यह पहली गिरफ्तारी है। ईडी ने मंगलवार को आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकास विभाग में उपायुक्त माया वारियर को पूछताछ के लिए बुलाया था। बताया जा रहा है कि जेल में बंद कोरबा की तत्कालीन कलेक्टर रानू साहू की माया करीबी थीं।

डीएमएफ घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी जांच तेज कर दी है। आज निलंबित आईएएस रानू साहू को पीएमएलए स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। इसी मामले में बुधवार को महिला अधिकारी माया वारियर को गिरफ्तारी किया गया था।

जेल में बंद रानू साहू को प्रोडक्शन वारंट पर बुधवार को स्पेशल कोर्ट में बुलाया गया था। लेकिन बीमारी के कारण वे कोर्ट में पेश नहीं हुई। जेल से खबर आई थी कि रानू साहू को हाइपरटेंशन की प्रॉब्लम हो गई है। ब्लड प्रेशर बढ़ गया है। इसलिए आज इस मामले में सुनवाई होगी।

**रानू और माया में करीबी संबंध**

रानू साहू जून 2021 से जून 2022 तक कोरबा में कलेक्टर थीं। इसके बाद फरवरी 2023 तक वह रायगढ़ में कलेक्टर रहीं। इस दौरान माया वारियर भी कोरबा में पदस्थ थीं। रानू साहू से करीबी संबंध होने के कारण ईडी ने माया वारियर के दफ्तर और घर में छापा मारा था।

डीएमएफ की बड़ी राशि आदिवासी विकास विभाग को प्रदान की गई थी, जिसमें घोटाले का आरोप है। इसका प्रमाण मिलने के बाद ईडी ने माया वारियर की गिरफ्तारी की है।

**क्या है डीएमएफ घोटाला**

प्रदेश सरकार की ओर से जारी की गई जानकारी के मुताबिक ईडी की रिपोर्ट के आधार पर ईओडब्ल्यु ने धारा 120 बी 420 के तहत केस दर्ज किया है। इस केस में यह तथ्य निकल कर सामने आया है कि डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड कोरबा के फंड से अलग-अलग टेंडर आबंटन में बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितताएं की गई है। टेंडर भरने वालों को अवैध लाभ पहुंचाया गया।

**40 प्रतिशत सरकारी अफसरों को कमीशन मिला**

जांच रिपोर्ट में यह पाया गया है कि टेंडर की राशि का 40 प्रतिशत सरकारी अफसर को कमीशन के रूप में इसके लिए दिया गया है। प्राइवेट कंपनियों के टेंडर पर 15 से 20 प्रतिशत अलग-अलग कमीशन सरकारी अधिकारियों ने ली है। ईडी ने अपनी जांच रिपोर्ट में पाया था कि आईएएस अफसर रानू साहू और कुछ अन्य अधिकारियों ने अपने-अपने पद का गलत इस्तेमाल किया।

ईडी के तथ्यों के मुताबिक टेंडर करने वाले संजय शिंदे, अशोक कुमार अग्रवाल, मुकेश कुमार अग्रवाल, ऋषभ सोनी और बिचौलिए मनोज कुमार द्विवेदी, रवि शर्मा, पियूष सोनी, पियूष साहू, अब्दुल और शेखर नाम के लोगों के साथ मिलकर किसी चीज की असल कीमत से ज्यादा का बिल भुगतान कर दिया। आपस में मिलकर साजिश करते हुए पैसे कमाए गए।

**कोल स्कैम में भी ईडी को जेल में पूछताछ की मिली अनुमति**

वहीं कोयला घोटाले मामले में ईडी को जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ की अनुमति मिल गई है। 23 अक्टूबर तक ईडी जेल में जाकर सूर्यकांत, रजनीकांत, निखिल और रोशन कुमार सिंह से पूछताछ करेगी। सभी आरोपी रायपुर जेल में बंद हैं।

कोयला और कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में गिरफ्तार आरोपियों का नार्को टेस्ट पर अब 26 अक्टूबर को सुनवाई होगी। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान ईओडब्ल्यु के तर्क पर बचाव पक्ष ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई। 26 अक्टूबर को कोर्ट इस पर फैसला सुनाएगा।

ईओडब्ल्यु ने कोल घोटाले के सूर्यकांत तिवारी, रजनीकांत तिवारी और निखिल चंद्राकर समेत कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोपी रोशन चंद्राकर का नार्को, पॉलीग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट करवाने का कोर्ट में आवेदन लगाया है।

छत्तीसगढ़ डीएमएफ घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने माया वारियर को गिरफ्तार कर लिया है। कोरबा में माया आदिवासी विकास विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर पद पर रह चुकी हैं। ईडी ने उन्हें कोर्ट में पेश किया और 23 अक्टूबर तक रिमांड पर लिया है।

### ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट

# सूर्यकुमार बोले- हरियाली और ऊर्जा देखकर खुश

## सीएम ने कहा- खेल भाईचारा बढ़ाते हैं



**रायपुर ( एजेंसी )।**

रायपुर में अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में टीम इंडिया के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि मैं यहां तीसरी बार आया हूं।

यहां की हरियाली व ऊर्जा देखकर खुश हूं। यह सब लोगों की मेहनत का परिणाम है।' सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि इसकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है, जिसमें भारत से 3000 खिलाड़ी शामिल हुए हैं। खेल आपसी भाईचारा बढ़ाते हैं। यह प्रतियोगिता कोटा स्टेडियम में 20 अक्टूबर तक चलेगी।



# शोषित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए हो रहा प्रयास-दिलीप

**कोरबा ( एजेंसी )।**

भारतीय सुदर्शन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य दिलीप के. हाथीबेड बुधवार को कोरबा पहुंचे। हाथीबेड ने कहा कि समाज के शोषित वर्गों को न्याय दिलाने की दिशा पर प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने सुदर्शन समाज के पदाधिकारियों की नियुक्त कर संगठन का विस्तार किया। साथ ही समाज के लोगों को अच्छी शिक्षा दिलाने और शोषित कर्मचारियों को न्याय दिलाने पहल करने की बात कही।

तिलक भवन में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि उनके द्वारा 16 अक्टूबर को भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ के छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बेला ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा किया है। कोरबा जिला अध्यक्ष देव बेरीसाल को बनाया गया है। वहीं, उपाध्यक्ष संजय बक्सेल, दीपका इकाई के अध्यक्ष राकेश को भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ के छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई का जिलाध्यक्ष पूर्ण पद पर नियुक्त किया है। इसके अलावा सुदर्शन समाज देश के 11 राज्यों में अपना काम कर रहा है।

## प्रदीप महतो के बाद अब उनके परिवार वालों ने भी किया देहदान का फैसला

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** शहर के मेडिकल कॉलेज में प्रथम अंगदानी बने स्वर्गीय प्रदीप महतो के परिवार ने अनूठी मिसाल पेश की है। रविवार को उनकी श्रद्धांजलि सभा में पत्नी केवरा देवी महतो ने नेत्रदान के लिए फार्म भरा। उनके पुत्र महेन्द्र महतो और बहू प्रीति महतो ने देहदान के लिए आवेदन फार्म भरा है। देहदान के लिए भारत विकास परिषद ने महतो परिवार को सम्मानित किया।



करतला ब्लॉक के ग्राम बरपाली निवासी समाजसेवी प्रदीप महतो ने अपने जीवनकाल में ही देहदान कर दिया था। उनका निधन 4 अक्टूबर को हो गया था। उनके परिजनों ने शव को मेडिकल कॉलेज को सौंप दिया। वे जिले के पहले देहदानी बने। उनका शव मेडिकल कॉलेज के छात्रों के अध्ययन में काम आएगा। उनके शव को एक साल तक केमिकल में डूबोकर रखा जाएगा। इसके बाद चिकित्सा अध्ययन में उपयोग किया जाएगा। जब उनका अंग बाहर निकल आएगा तो म्यूजियम में रखकर छात्रों को पढ़ाया जाएगा। रविवार को उनके दशगात्र के मौके पर भारत विकास परिषद के प्रकल्प प्रभारी महेश गुप्ता, सह प्रभारी धर्मेन्द्र कुदेशिया ने उनके परिवार को सम्मानित किया। पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर ने भी स्व. महतो को श्रद्धांजलि दी।

# प्रांतीय अग्रवाल संगठन समारोह में राज्यपाल के मुख्य अतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न : प्रदेश के चेयरमेन बने अशोक मोदी

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

छ.ग. प्रांतीय अग्रवाल संगठन का सम्मान समारोह 13 अक्टूबर 2024 दिन रविवार को रायपुर के जी.ई रोड स्थित एस. एन पैलेस में आहूत की गई, जिसमें नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका की गरिमामय उपस्थिति थी।

कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में बृजमोहन अग्रवाल (पूर्व मंत्री एवं सांसद रायपुर), संपत अग्रवाल (विधायक बसना) संरक्षक जयदेव सिंघल, महेन्द्र सेक्सरिया, प्रांतीय अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमेन डॉ. अशोक अग्रवाल, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष अशोक मोदी, राजेन्द्र अग्रवाल (राजू) एवं प्रांतीय महामंत्री मनोज अग्रवाल की गरिमामय उपस्थिति थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय चेयरमेन प्रदीप मित्तल ने की।

नवगठित कार्यकारिणी ने कोरबा के प्रसिद्ध व्यवसायी, धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता अशोक मोदी को सर्वसम्मति से छ.ग. प्रांतीय अग्रवाल संगठन का नवनिर्वाचित'' चेयरमेन'' नियुक्त किया है एवं यह कोरबा नगर के लिये अत्यंत ही गौरव एवं गर्व की बात है। साथ ही डॉ. अशोक अग्रवाल रायपुर को प्रांतीय अध्यक्ष का दायित्व दिया गया।




मोदी ने इस अवसर उपस्थित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि संगठन ने उन पर विश्वास कर उन्हे बहुत बड़ा दायित्व सौंपा है। वे इस दायित्व का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी एवं ईमानदारी पूर्वक कर संगठन को और मजबूत करेगें एवं इसे और ऊँचाईयों तक नवगठित कार्यकारिणी के सदस्यों के सहयोग से ले जाने का प्रयास करेंगे।

# जयसिंह अग्रवाल पहुंचे झारखण्ड, ली कार्यकर्ताओं की बैठक, कांग्रेस को जिताने बनी रणनीति

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

महाराष्ट्र एवं झारखण्ड विधानसभा चुनाव का ऐलान कर दिया गया है। झारखण्ड में दो चरणों में क्रमश: 13 व 20 नवम्बर को मतदान होना है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को झारखण्ड के चतरा लोकसभा के लिए पर्यवेक्षक बनाया है। साथ ही चतरा लोकसभा के सभी पांचों विधानसभा के लिए सहायक पर्यवेक्षक क्रमश: राजकिशोर प्रसाद, बी एन सिंह, विकास सिंह, तनवीर अहमद व विजय यादव बनाये गये हैं। जिन्होंने आज लातेहर में बैठक लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों से मिलकर आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया।

पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी के लिए रीढ़ की हड्डी के तरह होते हैं। जिनके अथक परिश्रम से प्रत्याशी की जीत तय होती है।






इस मौके पर मनिका विधायक रामचंद सिंह, लातेहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भुनेश्वर उरांव, चतरा जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद दुबे, पलामु जिला कांग्रेस अध्यक्ष जनक पाठक, पूर्व विधायक योगेन्द्र सिंह, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष, आफताब आलम, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनीता देवी सहित चतरा लोकसभा के पांचों विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना से श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु मुख्यमंत्री नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना संचालित की जा रही है। जिसके तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके संतानों को शैक्षणिक योग्यता अनुरूप पीएससी, सीजी व्यापम, रेल्वे, आईबीपीएस, पुलिस एंट्रेंस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु नि:शुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। सहायक श्रमायुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार नि:शुल्क कोचिंग हेतु न्यूनतम 04 से अधिकतम 10 माह तक की अवधि निर्धारित है। उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु पंजीकृत श्रमिक परिवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

## निधन: उदय कुमार आदित्य

**कोरबा ।** कलेक्टर न्यायालय में सहायक वाचक के रूप में पदस्थ पंडित रविशंकर शुक्ला निवासी सहायक ग्रेड 02 उदय कुमार आदित्य का गत 16 अक्टूबर को निधन हो गया। स्वर्गीय उदय कुमार आदित्य का विगत 15 दिनों से स्वास्थ्य खराब था एवं अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज 17 अक्टूबर को पोड़ीबहार मुक्तिधाम में सुबह 11:00 बजे किया गया। 16 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट में शोक सभा का आयोजन कर कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।



**स्मृति शेष : फिर याद आए स्व.नितेश कुमार अग्रवाल, चार वर्ष पूर्व अनंत यात्रा पर चले गए थे...।**

# नितेश युवा उद्यमियों के प्रेरणाश्रोत रहे

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

18 अक्टूबर 2020 कोरबा के लिए काला दिन लेकर आया। उद्यम क्षेत्र का उभरता सितारा नितेश कुमार अग्रवाल प्रकृति के आघात से कालकलवित हो गए और राजकुमार अग्रवाल परिवार पर बज्रपात गिरा। राजकुमार अग्रवाल-प्रेमलता अग्रवाल का सपना चकनाचूर हो गया और अपने बेटे को सदा के लिए खो दिया। यह सिर्फ अग्रवाल परिवार के लिए ही आघात नहीं था बल्कि पूरे कोरबा के लिए एक युवा उद्यमी का जाना बड़ा आघात था। राजकुमार अग्रवाल-श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल ने नितेश कुमार को एक अच्छा उद्यमी ही नहीं बनाया बल्कि एक अच्छे इंसान के रूप में गढ़ा था, लेकिन प्रकृति ने उसे असामायिक रूप से छीनकर कोरबा को आघात पहुंचाया। नितेश कुमार अग्रवाल के निधन से रिक्त हुए व्यक्तित्व को पूरा नहीं किया जा सकता, लेकिन उनका जो सपना था, उसे अग्रवाल परिवार पूरा करने में लगा हुआ है।



हमें यह सोचकर मन को धीरज बंधाना पड़ेगा कि प्रकृति का यह शास्वत नियम है कि धरती पर जिसने जन्म लिया, उसे एक दिन इस नश्वर शरीर को छोड़ कर जाना ही पड़ेगा। देव पुरूष भी इस शास्वत नियम से कभी बच नहीं पाए और उन्हें भी इस लोक से उस लोक तक जाना पड़ा। प्राचीनकाल में लोगों की औसतन आयु लगभग 100 की थी, लेकिन आज भौतिक और औद्योगिक युग में लोगों की औसतन आयु कम हो गई। कभी-कभी विपदा ऐसी आती है कि कम उम्र में ही किसी परिवार के सदस्य को देव लोक गमन करना पड़ता है, तब परिवार पर कहर बरपती है। इस असह्य दु:ख को सहने के लिए प्रकृति की प्रेरणा भी होती है और परिजनों की सांत्वना। कोरबा के प्रसिद्ध समाज सेवी एवं उद्योगपति पीएमजेएफ लॉयन राजकुमार अग्रवाल- श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल को भी 4 वर्ष पूर्व प्रकृति ने असह्य दु:ख देकर परीक्षा ली। उनके आंखों का तारा नितेश कुमार अग्रवाल को प्रकृति ने गत 18 अक्टूबर 2020 को सदा के लिए छीन लिया। श्री एवं श्रीमती अग्रवाल कष्टों के बीच पीड़ा को अंतरमन से निकाल तो नहीं पाए, लेकिन उन्होंने उन बच्चों की आंखों में अपने लाडले पुत्र नितेश के सपनों को देखा और नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा-मड़वारानी के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को बेहतर जीवन देने की सेवा में जुटे हुए हैं, ताकि नितेश कुमार की आत्मा तृप्त हो सके और वो जहां भी हैं, अपने माता-पिता एवं परिवारजनों के सुकृत्य एवं सेवा से आल्हादित होते रहें। न्युनतम फीस में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा देने के साथ प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए सहयोग करने का बीड़ा लॉयन राजकुमार अग्रवाल ने उठाया। उनकी सोच है कि उनके पुत्र नितेश एक समाज सेवी और समाज को उपर उठाने की जो ललक पाल रखी थी, उसे उनके पिता राजकुमार अग्रवाल पूरा कर रहे हैं। द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स के बैनर तले लायंस क्लब कोरबा गुरूकूल के माध्यम से लॉयन अग्रवाल अपनी टीम के साथ समाज सेवा के कार्यों को नया आयाम दे रहे हैं।

लायन अग्रवाल के छोटे पुत्र नितेश कुमार अग्रवाल का 4 वर्ष पूर्व गत आश्विन शुक्ल प्रतिपदा नवरात्र के प्रथम दिन महाराष्ट्र में दुखद निधन हो गया था। नितेश देश के जाने माने उद्योगपतियों के साथ एक मीटिंग में महाराष्ट्र गए हुए थे, जहां पर मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। श्री अग्रवाल को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन मधुमक्खियों का हमला इतना तेज था कि उनका निधन हो गया। यह शोक समाचार कोरबा पहुंचते ही लोगों को विश्वास नहीं हुआ लेकिन जब उनका पार्थिव शरीर देर रात कोरबा पहुंचा तो यह सब सुनकर स्तब्ध रह गए और इस युवा सितारा को खोकर सबकी आंखें नम हो गई। घटना के दूसरे दिन रविवार 18 अक्टूबर को रामसागर पारा स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान अग्रसेन भवन के पास कोरबा से प्रात: 10 बजे निकली, जिसमें काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि नितेश अग्रवाल दो छोटी संतानें, पत्नी के अलावा माता-पिता, ताई-ताऊ, चाचा-चाची, भाई-भाभी का भरा परिवार छोड़ कर इस दुनिया से सदा के लिए अलविदा कह गए। इस अकल्पनीय एवं दुखद घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया और कहा कि नितेश अग्रवाल सबको अपने व्यवहार से अपना बना लेते थे। सौम्य चेहरा, आकर्षक व्यक्तित्व एवं उद्यम क्षेत्र का उभरता सितारा सदा के लिए अस्त हो गया। आज 18 अक्टूबर 2024 को वे पुन: स्मरण में आएंगे और परिजनों को एक बार पुन: रूलाएंगे। राजकुमार अग्रवाल का कहना है कि नितेश एक समाज सेवी और गरीबों की पीड़ा को समझता था, उनके सपनों को हम परिवारजन आगे बढ़ा रहे हैं और क्षमता से अधिक समाज को देने में लगे हुए हैं। वे युवाओं के लिए एक प्रेरणा थे। वे कहा करते थे कि काम को जुनून बना लो... परिश्रम को हमसफर... श्रम की पूजा से ईश्वर की मदद करता है...।

युवाओं को नितेश जैसे व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर कभी श्रम करने से भागना नहीं चाहिए। दुनिया में बहुत सारी चुनौतियां आती हैं, लेकिन जितनी बड़ी चुनौती और संघर्ष का सामना करना पड़ेगा, व्यक्तित्व उतना ही दमकता है। संघर्ष करने वाले एक दिन अवश्य सफल होते हैं और समाज में नई पहचान बनाने में कामयाब होते हैं। नितेश कहा करते थे... समाज ने हमें बहुत कुछ दिया... हम भी तो कुछ देना सीखें...। स्व.नितेश के पिता लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल अपने पिता के इस प्रेरणास्पद वाक्य को सार्थक करने में लगे हैं और वे अपनी आय का कुछ अंश समाज की भलाई में लगा रहे हैं।

## अखबार वितरक संघ ने पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर अब्दुल कलाम की मनायी जयंती



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की ओर से प्रदेश के सभी जिलों में आज अखबार वितरक दिवस के रूप में पूर्व राष्ट्रपति व वैज्ञानिक डॉक्टर अब्दुल कलाम की जयंती मनायी गई। बचपन में डॉक्टर कलाम अखबार वितरक के रूप में भी काम किया, जो देश दुनिया के लिए उदाहरण है। वे हमेशा किसी भी काम को छोटा न मानकर उसे सिद्दत के साथ करते थे। ऐसे महान भारत के सपूत को अखबार वितरक संघ कोरबा इकाई ने नमन किया और उनकी जयंती पर संकल्प लिया कि हम डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम के बताए मार्ग पर चलेंगे।

इस अवसर पर संरक्षक पदुम सिंह चंदेल, प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा व जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू अपने पूरे पदाधिकारी के साथ उपस्थित थे। उपस्थित सदस्यों ने डॉक्टर अब्दुल कलाम के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

**प्रेरणा- बचपन में अखबार वितरण के रूप में काम किये डॉक्टर कलाम ने**

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम ने बचपन में अखबार वितरण का कार्य कर पूरे विश्व को संदेश दिया। उनका कथन था कि कभी भी किसी भी काम को छोटा या बड़ा के रूप में नहीं आंकना चाहिए। हर कार्य महत्वपूर्ण होता है। उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के संरक्षक पदुम सिंह चंदेल ने अपना विचार व्यक्त किया और कहा कि जीवन में कितनों भी कठिनाई आये, उनका संघर्ष करो, पीछे मत हटो और श्रम करना भी न छोड़ें। हम डॉक्टर अब्दुल कलाम को याद कर रहे हैं, उनकी प्रेरणा हमारे जीवन को सफल बना सकती है। किसी भी काम को जब प्रारंभ करें तो उसमें पूरा ध्यान लगा लें, तो सफलता अवश्य मिलेगी। धन्यवाद ज्ञापन जिला सचिव जय सिंह नेताम ने किया। इस अवसर पर लक्ष्मी राठौर रामा, , तपेश्वर राठौर , अनिल गिरी, राजकुमार पटेल ,कृष्ण कुमार निर्मलकर, राय सिंह, दिनेश वैष्णव, सुधीश, विलसन, हर्ष नेताम, देव पटेल, गोलू देवांगन, दिलीप यादव, सुनील साहू, दीपक ,यश नेताम, आयुष, लाला, बजरंग, राजेश पाल, शुभंकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## उषा बनीं करवा चौथ क्वीन

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** डीडीएम रोड स्थित एसएस ग्रीन कॉलोनी की महिलाओं ने प्री-करवा चौथ उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। महिलाओं ने गीत, संगीत, गेम्स में हिस्सा लिया। इसका सभी ने आनंद लिया। उत्सव का आकर्षण करवा चौथ क्वीन का



चुनाव रहा। यह खिताब उषा शर्मा को मिला। उन्हें ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मंजू सोनी व तृप्ति सिंह थीं।

# बालको एवं बिहान के संयुक्त प्रयास से महिलाएं बन रही हैं आत्मनिर्भर

**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा कलेक्ट्रेट में मुख्य अतिथि श्रीमती रीना अजय जायसवाल-जिला पंचायत उपाध्यक्ष, कोरबा और चिराग ठक्कर जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने टी एवं कॉफी आउटलेट 'उनाटी' का उद्घाटन किया। छत्तीसगढ़ में संचालित ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के सहयोग से बालको की उन्नति परियोजना के माइक्रो एंटरप्राइज 'उनाटी' के स्टॉल की शुरूआत की गई। स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं कलेक्ट्रेट में विभिन्न फ्लेवर की चाय, कॉफी और नाश्ता बेचेंगी। बिहान और बालको द्वारा एसएचजी महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके बेहतर जीवनशैली को सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक मजबूत कदम है।

कलेक्ट्रेट परिसर में उन्नति परियोजना के अंतर्गत आउटलेट 'उनाटी' को ग्राम नकटीखार की मातृ भूमि स्व सहायता समूह द्वारा संचालित किया जाएगा। यहां जशपुर एवं बस्तर से उत्पादित चाय तथा कॉफी के विभिन्न फ्लेवर के साथ छत्तीसगढ़ी पारंपरिक कलेवा का स्वाद भी ग्राहक ले सकेंगे। उन्नति परियोजना के छत्तीसा माइक्रो एंटरप्राइज द्वारा निर्मित सलोनी, खाजा और चॉकलेट भी यहां पर विक्रय हेतु उपलब्ध रहेंगे। महिलाओं के द्वारा संचालित इस उद्यम का उद्देश्य ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना है, इसीलिए बालको एवं बिहान मंच के संयुक्त प्रयास से ऐसे अन्य उद्यम इकाइयों की स्थापना और प्रोत्साहन की योजना है।

चिराग ठक्कर जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने एसएचजी महिलाओं को संबोधित किया और बिहान कार्यक्रम की ओर से सक्रिय सहभागिता के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि यह सूक्ष्म उद्यम महिलाओं के स्वावलम्बन और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास है। छत्तीसगढ़ में मिशन बिहान एक महत्वाकांक्षी योजना हैं जो एसएचजी महिलाओं को रोजगार के लिए एक निश्चित प्लेटफ़ार्म उपलब्ध कराता है। जहां वो अपने निर्मित सामग्रियों को आसानी से बिक्री कर सकें।

'उनाटी' प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली नकटीखार की रामबाई 'मातृ भूमि' स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। बालको के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बालको के सहयोग से आज मैं खुद के पैरों पर खड़ी हूं। आर्थिक आत्मनिर्भरता ने मुझे एक नया आत्मविश्वास दिया है। अब मैं घर के खर्च में भागीदारी निभाने में सक्षम हूं।

बालको की उन्नति परियोजना एसएचजी की महिलाओं के लिए लक्षित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करती है। छत्तीसा के अंतर्गत एसएचजी महिलाओं को पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाना का प्रशिक्षण दिये गए हैं।

उन्नति परियोजना सामुदायिक और सामाजिक सेवाओं के लिए समर्पित एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) जीपीआर स्ट्रेटजीज एंड सॉल्यूशंस (जीपीआरएसएस) के साथ साझेदारी से चल रही है। जीपीआरएसएस के सहयोग से महिलाओं को अनेक गतिविधियों से जोड़ा गया है जिससे उन्हें आजीविका प्राप्त करने और खुद के पैरों पर खड़े होने में मदद मिली है। कोरबा के 45 शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 531 स्वयं सहायता समूहों की लगभग 5768 महिलाओं को विभिन्न कार्यक्रमों से लाभ मिल रहा है।

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष रीना अजय जायसवाल ने किया उनाटी का शुभारंभ







### महिला सशक्तिकरण की दिशा में बालको की पहल प्रशंसनीय-रीना

जिला पंचायत परिसर में महिला समूहों के लिए बनायी गई दुकानों में से एक दुकान में बालको के सहयोग से महिला सशक्तिकरण को सुदृढ़ बनाने उनाटी का उद्घाटन करती हुई जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रीना अजय जायसवाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण आज की आवश्यकता है। बालको की पहल प्रशंसनीय है।

### हम समुदाय में सकारात्मक बदलाव के लिए कटिबद्ध

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने उन्नति परियोजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से हम समुदाय में सकारात्मक बदलाव के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बने तथा समाज में अपनी स्वतंत्र पहचान स्थापित करें। श्री कुमार ने कहा कि महिलाएं अपने परिवार, समाज और देश को बुलंदियों पर ले जाने में अपना योगदान दे रही हैं।



## छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जांजगीर विधायक से की मुलाकात,भवन की मांग पर विधायक का आश्वासन



**जांजगीर ( दिव्य आकाश )।**

छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा व संरक्षक पद्म सिंह चंदेल, कोरबा जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू , सचिव जय सिंह नेताम तथा जांजगीर चाम्पा के जिला अध्यक्ष बजरंग यादव व उनके पदाधिकारियों सहित एक प्रतिनिधि मंडल आज जांजगीर चाम्पा विधानसभा के विधायक ब्यास कश्यप के निवास स्थान पर मिला तथा विधायक का स्वागत किया गया। तत्पश्चात विधायक कश्यप से जांजगीर में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के सभी अभिकर्ताओं के लिए एक भवन प्रदान करने हेतु पत्र सौंपा गया, जिसे विधायक व्यास कश्यप ने स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि मुझे पता है कि अखबार वितरक कठिनाइयों से अपने व्यवसाय का निष्पादन करते हैं, उनकी सहायता करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

इस अवसर पर जांजगीर चाम्पा जिले के छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के पदाधिकारी में उत्तम राठौड़, सुरेश देवांगन, अनिल राठौड़, अमित नामदेव, गिरीश देवांगन, मनीष देवांगन, सुदर्शन, सोमू यादव, कृष्ण यादव ,अमित राठौर, पप्पू राठौर, परमानंद राठौर, भारत, यशवंत, मानस ,हर्ष पंकज, मनीष देवरा, प्रकाश ,दुर्गेश, सुरेंद्र, चंदन ,आनंद, चेतन ,अजय, देवेश आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे। अंत में प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा व प्रदेश संरक्षक पद्म सिंह चंदेल ने विधायक व्यास कश्यप के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 5 लाख लेकर फरार हुआ बैंक का कैशियर

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**


कोरबा में इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक का कैशियर 5 लाख रुपए लेकर फरार हो गया है। बैंक मैनेजर की रिपोर्ट पर सिविल लाइन पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। फरार कैशियर की खोजबीन की जा रही है। इस बीच एक टीम ओडिशा से बैरंग लौट आई। इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कोरबा समेत रायपुर ,बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ के अलावा कई क्षेत्रों में अपनी शाखाएं खोल रखी हैं और इनके माध्यम से वित्तीय लेनदेन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कोरबा के सिविल लाइन क्षेत्र में घंटाघर रोड में निजी बैंक की शाखा संचालित है।

**ग्राहकों के पैसे खाते में जमा नहीं किए**

बैंक में कैशियर के पद पर बीरेंद्र गिरना पिछले कई सालों से काम कर रहा है। फील्ड से वसूली का पैसा और ग्राहक का पैसा कैशियर के पास जमा होता है। मैनेजर को लगा कि कैशियर ने पैसे जमा कर दिए होंगे, लेकिन ऑनलाइन चेक करने पैसे जमा ही नहीं हुए थे।

सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना ने बताया कि बैंक मैनेजर की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है और कैशियर की तलाश की जा रही है। एक टीम ओडिशा रवाना किया था, जहां से टीम लौट आई है। आरोपी की पतासाजी की जा रही है।


र्‍यूमीकैप (RHEUMICAP)




र्‍यूमीकैप वात सम्बन्धित रोग जैसे शूल, आमवात, सन्धिवात, कटिग्रह, गृध्रसी में अचूक औषधि है, र्‍यूमीकैप कुचला, इन्द्रायान, मूल गुडूची, रसौल, लहसुन, कुलिंजन बीज, शु. गुग्गुल, रास्नापत्र, इन्द्रजौ और अमलताश आदि औषधियों का मिश्रण है। इस औषधि का प्रधान कार्य वातवाहिनी नाड़ियों पर होता है। जब वायु कुपित हो भयंकर वेदना उत्पन्न करती है तब यह कैप्सूल विशेष प्रभावकारी होता है।

Bharat Ayurvedic Works, Mob.: 9897489900

सीएसईबी चौक | ट्रांसपोर्ट नगर चौक | स्टेडियम रोड | मुड़ापार रोड | दु.नं. 7 शिव हर्बल अल्का काम्प्लेक्स | पोस्ट ऑफिस रोड

आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श

गाठिया, जोड़ों का दर्द, साईटिका, श्वास, दमा, खांसी पुराना नजला, गैस, खाज, खुजली, शुगर, बवासीर, पथरी, लिकोरियो मर्दो व औरतों के गुप्त रोगों के निराश रोगी ईलाज के लिए मिलें।

पतंजलि | श्रीश्री आयुर्वेदा | बैद्यनाथ | Dabur | ZANDU

डॉ. वाय. भारद्वाज (एम.डी.) (एन.एम.)

शराब छुड़ाने की हर्बल दवा उपलब्ध

सभी कंपनियों के आयुर्वेदिक दवाईयों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता

एक कदम आयुर्वेद की ओर ... स्वस्थ रहो अभियान...

शिव हर्बल आयुर्वेदिक एण्ड कॉस्मेटिक

शॉप नं. 07 अल्का काम्प्लेक्स, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो.: 9302358945



**दिवाली से पहले मोदी सरकार का बड़ा तोहफा**

# किसानों के लिए राहत : एसपी में 300 रुपये की बढ़ोतरी, महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हुआ




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

दिवाली से पहले सरकार ने कल कर्मचारियों और किसानों को बड़ा तोहफा दिया। केंद्रीय कैबिनेट ने एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते (ष्ठ) और महंगाई राहत (ष्ठक्र) में 3त्न की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। यह बढ़ोतरी 1 जुलाई 2024 से लागू होगी, जिससे कर्मचारियों को तीन महीने का एरियर भी मिलेगा। इसके साथ ही रबी की छह फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्) भी बढ़ा दिया गया है, जिससे किसानों को भी राहत मिलेगी।

**महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी**

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कर्मचारियों और पेंशनरों का महंगाई भत्ता अब 50 प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हो गया है। इससे कर्मचारियों को मासिक वेतन में सीधे लाभ होगा। उदाहरण के लिए, 18,000 रुपये के मूल वेतन पर 540 रुपये की बढ़ोतरी होगी, जबकि 1,00,000 रुपये के वेतन पर 3,000 रुपये की बढ़ोतरी होगी।

**किसानों के लिए एमएसपी में बढ़ोतरी**

सरकार ने रबी की छह फसलों का एमएसपी भी बढ़ाने का फैसला किया है। गेहूं का एमएसपी150 रुपये बढ़ाकर 2,425 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि जौ, चना, मसूर, सरसों और सेफ्लावर की कीमतों में भी 130 से 300 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है।

**नई एमएसपी दरें–**

| | |
|---|---|
| गेहूं | – 2,275 से 2,425 रुपये ( 150 रुपये की बढ़ोतरी ) |
| जौ | – 1,850 से 1,980 रुपये ( 130 रुपये की बढ़ोतरी ) |
| चना | – 5,440 से 5,650 रुपये ( 210 रुपये की बढ़ोतरी ) |
| मसूर | – 6,425 से 6,700 रुपये ( 275 रुपये की बढ़ोतरी ) |
| सरसों | – 5,650 से 5,950 रुपये ( 300 रुपये की बढ़ोतरी ) |
| सेफ्लावर | – 5,800 से 5,940 रुपये ( 140 रुपये की बढ़ोतरी ) |

**सांसद ज्योतसना महंत ने कोल एण्ड स्टील माईंस संसदीय कमेटी में उठाये एसईसीएल से जुड़े मुद्दे**

# कोरबा में माइनिंग कॉलेज की मांग

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

दिल्ली में कोल एंड स्टील माइंस कमेटी के चेयरमैन अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कोरबा जिले में संचालित एसईसीएल की कोयला खदानों के भू विस्थापित, प्रभावितों की समस्याओं का निराकरण करने कमेटी को अपना सुझाव लिखित ज्ञापन के तौर पर सौंपा है।

सांसद ज्योत्सना महंत ने अपने ज्ञापन में कहा हैं कि एस ई सी एल कोयला खदान का उद्देश्य अधिक उत्पादन और ग्रामीणों को सुविधा देना है। कोरबा जिले में एसईसीएल की कुसमुंडा,गेवरा,दीपक और कोरबा खदान संचालित हैं। लेकिन स्पष्ट नीति विसंगतियों के कारण आए दिन ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच टकराहट होते रहती है। ग्रामीण अपना आक्रोश खदान बंद कर निकालते हैं। जिससे एसईसीएल कोयले का उत्पादन भी प्रभावित होता है। ग्रामीणों को मुआवजा न मिलाना, मुआवजे पुराने दर पर मिलना, बसाहट, नौकरी न मिलाना, पूर्ण गांव का अधिग्रहण ना करना, आउटसोर्सिंग को बढ़ावा देना, सार्वजनिक विकास की दिशा में काम ना करना, पांचवें अनुसूची क्षेत्र में आने से पेशा एक्ट ग्राम सभा नियमो का पालन न करने से ग्रामीणों आक्रोश रहता है।

कुसमुंडा ,दीपका, कोरबा और गेवरा खदानों से संबंधित जैन समस्याओं को संज्ञान में लाते हुए निराकरण की पहल की दिशा में समिति को अवगत कराते हुए कहा की धारा 4,धारा 7, धारा 9 और धारा 11 के 12 से 14 वर्ष भी जाने के बाद भी ग्राम खेरभवाना, सोनपुरी, पड़निया और पाली को मुआवजा, नौकरी,बसाहट न मिलना आक्रोश का कारण है।



सांसद श्रीमती महंत ने बताया कि ऐसी भूमि जिसे दस वर्ष पूरे हो चुके है अधिग्रहण प्रकाशन के आगे और दस बारह वर्ष लग सकते हैं ऐसे गांवों को धारा मुक्त कर खरीदी बिक्री से रोक हटाना चाहिए जिससे टकराहट से बचा जा सके।

श्रीमती महंत ने समिति को अपने सुझाव में कहा वन टाइम सेटलमेंट कर रोजगार के लंबित पुराने मामलों का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। अर्जन के बाद जन्म वाले प्रकरण एक खाता एक रोजगार नियम के विरुद्ध अलग अलग खाता का संयोजन से रोजगार से वंचितों को रोजगार दिया जावे । एसईसीएल में लागू कोल इंडिया पॉलिसी 2012 को वापस लिया जाए और हर खाते में स्थाई रोजगार नौकरी प्रदान किया जाए। चुकी वर्ष 2010 में इस पॉलिसी को अमल मिलने का फैसला लिया गया था। उसके पहले वर्ष 2004 2009 के अर्जन के मामले में सभी मूल खातेदार एवं पैतृक बंटवारे के खातेदारों को रोजगार दिया जाए(रोजगार के लालच में खरीदी गई जमीन को छोड़कर) तथा भू विस्थापित परिवारों के शेष बेरोजगार युवाओं को खदान परिक्षेत्र में वैकल्पिक रोजगार 100 प्रतिशत व्यवस्था की जाए।

सांसद श्रीमती महंत ने यह भी कहा कि फंक्शनल डायरेक्टर्स मीटिंग के निर्णय पत्र क्रमांक SECL/BSP/CDA/ wywFD/ E & tracts/v 8-19-198 date 30/5/2018 को सराईपाली सहित सभी खदानों में लागू किया जाए।

बजट के लिए 10 डिसमिल जमीन, बजट की आवाज में 25 लख रुपए की राशि दी जाए। शासन के योजनाओं से प्राप्त पट्टों /शासकीय/ वन भूमि एवं भूमि पर बने मकान का मुआवजा एव 100 प्रतिशत सोशलिज्म और बसाहट के पात्रता हेतु वर्तमान में प्रचलित नियमो में संशोधन कर समुचित लाभ दिया जाना चाहिए।

सांसद ने इस बात पर भी जोर दिया कि आशिक अधिग्रहण को रद्द कर गांव का संपूर्ण अर्जन किया जाना चाहिए। खदान बंद हो जाने या अनुपयोगी हो जाने की स्थिति में पुराने अर्जित भूमि को मूल खातेदारों को वापस करनी चाहिए। कोरबा एवं कुसमुंडा क्षेत्र में अर्जन करते समय जमीन को नीयत समय बाद मूल खातेदारों को वापस करने अथवा पुन: अर्जन की प्रक्रिया पूरी कर पुनर्वास नीति के अनुसार लाभ दिलाने की शर्तों पर कार्य किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा की वर्तमान में दीपिका, कुसमुंडा,गेवरा में लागू बसाहट के एवज में राशि, भू विस्थापित को टेंडर इत्यादि सुविधाओं को कोरबा क्षेत्र अंतर्गत सराईपाली परियोजना एवं एसईसीएल के सभी क्षेत्रों में लागू किया जाना चाहिए।

सांसद श्रीमती महंत ने यह भी मुद्दा उठाया कि आउटसोर्सिंग कंपनियों में भू स्थापितों को 70प्रतिशत नियोजित करने एवं ठेका कामगारों को कोल इंडिया द्वारा निर्धारित वेतन सहित समाज सुविधा प्रदान की जानी चाहिए।

खदान विस्तार के लिए गांव के 20 मी सीमा तक खदान कार्य किया जा रहा है जो की खदान सुरक्षा महानिदेशालय एवं कॉल माइनिंग रेगुलेशन गाइड लाइन के 500 मीटर की दूरी पर खनन, ब्लास्टिंग के नियम का उल्लंघन है और जानमाल के लिए खतरा हैं अत: इस पर तत्काल रोक लगाई जाएं । इससे पूर्व में कई दुर्घटना हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि कोरबा में माइनिंग कॉलेज की स्थापना की जाए ।उसका खर्च ष्टस्क्रमद से उठाया जाना चाहिए।

श्रीमती महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ भू अर्जन पुनर्वास नीति 2007, 2013 का पारन किया जाना चाहिए साथी नई पुनर्वास नीति बनाई जानी चाहिए।

# दिल्ली और मथुरा पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में लॉरेंस बिश्नोई–हाशिम बाबा गैंग का शूटर गिरफ्तार, मुठभेड़ के दौरान पैर में लगी गोली

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और मथुरा पुलिस को ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। इस दौरान दिल्ली और मथुरा पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई और हाशिम बाबा गैंग के शूटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस और बदमाशों के बीच यह मुठभेड़ मथुरा हाइवे पर हुई। पुलिस ने जिस शूटर को गिरफ्तार किया उसका नाम योगेश है। उसके पैर में गोली लगी है।

**12 सितंबर को जिम संचालक नादिर शाह की बेरहमी से की गई थी हत्या**

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, राजधानी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में 12 सितंबर को जिम संचालक नादिर शाह की बेरहमी से हत्या की गई थी। जानकारी के अनुसार योगेश नादिर शाह की हत्या के मामले में मुख्य शूटर था। आपको बता दें कि दिल्ली के सबसे पॉश इलाकों में गिना जानेवाला ग्रेटर कैलाश 12 सितंबर को ताबड़तोड़ गोलीबारी की घटना से दहल उठा था।





**नादिर शाह हत्याकांड में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और हाशिम बाबा का नाम आया था सामने**

बताया जा रहा है कि जिम संचालक नादिर शाह हत्याकांड में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और हाशिम बाबा का नाम आया था। लॉरेंस बिश्नोई और हाशिम बाबा एक दूसरे के संपर्क में थे। नादिर शाह हत्याकांड को अंजाम देनेवाले शूटर को भी हाशिम बाबा लगातार निर्देश दे रहा था। जिस दौरान हमलावरों ने जिम संचालक नादिर शाह की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी थी।

# मुनव्वर फारूकी के बाद अब सिंगर नेहा कक्कड़ और उनके पति रोहनप्रीत को मिली धमकी





**मुम्बई ( एजेंसी )।**

बाबा सिद्दीकी की अचानक हुई मौत ने पूरे देश में हड़कंप मचा दिया है। इस घटना की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने ली है। हाल ही में कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी को भी इस गैंग की तरफ से धमकी मिली थी। अब इस लिस्ट में मशहूर सिंगर नेहा कक्कड़ और उनके पति रोहनप्रीत का नाम भी जुड़ गया है।

खबरों के अनुसार, नेहा और रोहनप्रीत को जान से मारने की धमकी दी गई है, जिससे उनके फैंस काफी चिंतित हैं। बताया जा रहा है कि यह धमकी बाबा बुड्ढा दल के निहंग मान सिंह अकाली ने एक वीडियो के माध्यम से दी है। वीडियो में कहा गया है कि यदि नेहा और रोहनप्रीत ने अपना रवैया नहीं बदला, तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इस धमकी ने नेहा कक्कड़ और उनके परिवार के लिए चिंता का कारण बना दिया है और फैंस उनकी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। इस पूरे मामले पर पुलिस कार्रवाई कर रही है, ताकि जल्द से जल्द स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

सिंगर नेहा कक्कड़ और उनके पति रोहनप्रीत सिंह सोशल मीडिया पर बहुत सक्रिय रहते हैं। वे अक्सर अपनी रोमांटिक तस्वीरें और वीडियो अपने फैंस के साथ शेयर करते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इसी कारण से उन्हें बाबा बुड्ढा दल के निहंग मान सिंह अकाली से धमकी मिली है।

वीडियो में निहंग मान सिंह ने कहा– नेहा कक्कड़ अपने पति को पर्दे में रखें। लोगों के सामने आपत्तिजनक हरकतें कर क्या जताना चाहते हो? तुम लोगों ने पंजाब का बेड़ा गर्क कर रख दिया है। कुछ थोड़ी शर्म भी कर लो। सोशल मीडिया पर गलत कंटेंट डालने वालों को पहले प्यार से समझाएंगे और फिर उन्हें भी सबक सिखाएंगे। चाहे इसके लिए हमें जेल ही क्यों न जाना पड़े। अगर नेहा कक्कड़ और रोहनप्रीत अच्छे सिंगर हैं तो अच्छे काम भी करें। इस तरह का रवैया समाज में असामाजिक फैलाता है। निहंग मान सिंह ने आगे कहा– पंजाब में नशा और अश्लीलता बढ़ गई है और ऐसे समाज को जागरूक करने की जरूरत है। हम समाज में किसी तरह की गंदगी फैलाने नहीं दे सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर गलत कंटेंट फैलाकर गंदगी फैलाई जा रही है। इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह के आचरण को बदला नहीं गया तो उन्हें सबक सिखाने के लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं।

# नाइजीरिया : फ्यूल टैंकर में विस्फोट, 94 लोगों की मौत, 50 घायल



**एबुजा ( एजेंसी )।**

देर रात नाइजीरिया के जिगावा राज्य के माजिया शहर में एक बड़ा हादसा हुआ। फ्यूल से भरे एक टैंकर में भीषण विस्फोट हुआ, जिसमें 94 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 50 लोग घायल हो गए हैं।

**कैसे हुआ हादसा ?**

स्थानीय पुलिस के प्रवक्ता के अनुसार, हादसा तब हुआ जब टैंकर के ड्राइवर ने ट्रक से टक्कर को टालने के लिए तेजी से मोड़ लिया, जिससे टैंकर पलट गया और उससे बड़ी मात्रा में फ्यूल फैल गया। कुछ ही समय में टैंकर में आग लग गई और फिर भयंकर धमाका हुआ, जिसकी आवाज दूर तक सुनाई दी।

**94 लोगों की मौत, घायलों की हालत गंभीर**

धमाके की चपेट में आकर 94 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से कुछ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि अन्य की मौत अस्पताल ले जाते समय और इलाज के दौरान हुई। इस हादसे में 50 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिससे मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है।


मेडिकल असोसिएशन ने की अपील

नाइजीरिया की मेडिकल असोसिएशन ने देशभर के डॉक्टर्स से अपील की है कि वे पीड़ितों की हर संभव मदद करें। प्रशासन द्वारा हादसे की जांच शुरू कर दी गई है और राहत कार्य तेजी से जारी हैं।

यह हादसा नाइजीरिया में आए दिन होने वाले फ्यूल टैंकर दुर्घटनाओं की एक और दुखद घटना है, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की जानें चली गईं।

## सलमान के फार्महाउस की रेकी करने वाला सुक्खा गिरफ्तार

**दाढ़ी बढ़ा कर होटल में छिपा था हत्या का प्लान बनाने वाला लॉरेंस गैंग का गुर्गा**



**मुंबई ( एजेंसी )।**

पॉलिटिशियन बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की सुरक्षा भी बहुत बढ़ा दी गई है। बाबा सिद्दीकी की हाल ही में मुंबई में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनपर हमले की जिम्मेदारी कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी। इसके बाद ही सलमान कड़ी सुरक्षा में हैं। इसी बीच खबर आई है कि एक्टर सलमान खान की हत्या की साजिश रचने के मामले में लॉरेंस गैंग का शूटर सुक्खा को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि लॉरेंस गैंग का शूटर सुक्खा को हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार किया गया है। इस आरोपी को पकड़ने के लिए नवी मुंबई की पनवेल सिटी पुलिस और पानीपत पुलिस ने मिलकर जॉइंट ऑपरेशन चलाया। वह होटल में छिपा हुआ था। उसने अपनी पहचान छुपाने के लिए दाढ़ी के साथ बाल बढ़ाए हुए था। शूटर सुक्खा उन आरोपियों में शामिल है, जिसने नवी मुंबई के पनवेल में सलमान खान के फार्महाउस की रेकी की।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**रांची ( एजेंसी )।**



झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों एवं निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्याशियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कुछ आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसका अनुपालन कर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित होगा।

निर्वाचन प्रक्रिया में सभी के लिए समान अवसर प्राप्त हो, इस उद्देश्य से प्रत्येक प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन के दौरान 40 लाख रुपए की खर्च सीमा तय की गई है। प्रत्याशियों के खर्च में पारदर्शिता लाने के लिए खर्च के ब्योरा की पंजी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करानी होती है। इस पंजी का जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा उनके कार्यालय की वेबसाइट पर सार्वजनिक की जाती है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बुधवार को विधानसभा निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा सुविधा एप्प बनाया गया है, जिसके इस्तेमाल से प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रक्रिया में उपयोग होने वाले सभी आवेदनों को भरा जा सकता है। साथ ही नामांकन के दिन के लिए आरओ ऑफिस में अपॉइंटमेंट भी ली जा सकती है। इसके साथ इस माध्यम से अपना ब्यौरा भरने एवं एफिडेविट बनाने में भी सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सी–विजिल एप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामलों पर त्वरित शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं। कुमार ने कहा कि सभी प्रत्याशियों से अपेक्षा की जाती है कि निर्वाचन संबंधित सभी निर्देशों को समझते हुए इससे अपने कार्यकर्ताओं को भी अवगत कराएं, जिससे निर्वाचन संबंधी व्यय की गणना में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

# चतुर्थ पुण्यतिथि

अवतरण
20 अप्रैल 1985



निर्वाण
18 अक्टूबर 2020





## स्व. श्री नितेश कुमार अग्रवाल (मोनू)

अपितु आज आपका नश्वर शरीर हमारे बीच नहीं है, लेकिन आपकी दिव्य आत्मा सदैव हमारे दिलों में राज करती रहेगी। आपकी मुस्कान हमें सदैव समाज सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी और पीड़ित मानवता के जीवन में आशा जगाने आपकी ललक हमेशा हमारे हाथों जीवंत होती रहेगी।

आपका मृदुल व्यवहार, अनुशासित दिनचर्या, आदर्श जीवन शैली, कर्मठता, दृढ़ निष्ठा और किसी को भी अपना बना लेने का आकर्षक व्यक्तित्व सदैव हमें प्रेरणा देता रहेगा।

4 वर्ष पूर्व 18 अक्टूबर 2020 को आप सदा के लिए अनंत यात्रा पर चले गए, लेकिन आप हमारे मानस पटल पर चीर स्थायी स्मरणीय बने रहेंगे।

## चतुर्थ पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि...

*बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि तव चार्जुन। तान्यहं वेद सर्वाणि न त्वं वेत्थ परंतप !*

ॐ शांति

## शोक संतप्त परिवार

ॐ शांति

राजबीर प्रसाद- श्रीमती गायत्री देवी अग्रवाल (ताऊ-ताई)

राजकुमार- श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल (पापा-मम्मी), भगवान दास- श्रीमती मंजू अग्रवाल (चाचा-चाची)

दिनेश, विकास, पंकज, आशीष, रवि, विपुल, सारांश, समर्थ, तनिष्क, लक्ष्य, गौरव, अर्जुन एवं समस्त अग्रवाल परिवार

**फर्म :**

सर्वमंगला कंस्ट्रक्शन कम्पनी प्रा.लि. कोरबा, सारांश गैस सर्विसेस कोरबा
आद्या फ्युल्स एवं छत्तीसगढ़ फूड प्रोडक्ट्स राईस मिल, लखनपुर रोड सुतर्रा (कोरबा)
नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) मो.: 9826670261
सर्वमंगला मल्टी इन्फ्रा प्रा.लि., इंडस इंजीकॉन्स इंडिया प्रा. लि.
मे. आर.बी. ट्रेडर्स, मे. छत्तीसगढ़ सेल्स कॉर्पोरेशन कोरबा (छ.ग.)

प्रेरणा : नितेश कहा करते थे - काम को जुनून बना लो... परिश्रम को हम सफर... श्रम की पूजा से ईश्वर भी मदद करता है...।

स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर राजवाड़े द्वारा आकाश आफसेट टीपी नगर कोरबा से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com